
RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः76 , बुधवार, 29 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





साइबर ठगी गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, छापेमारी टीम में कई अधिकारी शामिल 03


राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में पूर्वी चम्पारण के शिक्षक प्रदीप कुमार सम्मानित 04

गजर ने किया है इशारा की शूटिंग के अनुभवों को साझा किया सोनम... 07


## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के मंत्री को एक महीने की जेल की सजा

● गवर्नमेंट स्टाफ पर कीचड़ फेंकने का दर्ज हुआ था केस

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने बीजेपी मंत्री नितेश राणे को 2019 के विवादित मामले में दोषी ठहराते हुए एक महीने की जेल की सजा सुनाई है। यह घटना मुंबई-गोवा हाईवे की खराब स्थिति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई थी, जिसमें राणे और उनके समर्थकों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी इंजीनियर प्रकाश शेडेकर पर कीचड़ डाला था। उस समय नितेश कांग्रेस पार्टी में थे। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुनाया, जिसमें अन्य आरोपों से उन्हें बरी कर दिया गया, लेकिन



लोक सेवक को अपमानित करने और उनके काम में बाधा डालने का दोष सिद्ध हुआ। इस घटना में कुल 30 लोगों पर दंगा, लोक सेवक पर हमला और आपराधिक षड्यंत्र जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। सिंधुदुर्ग कोर्ट ने ज्यादातर आरोपों में सबूतों की कमी पाते हुए 29 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया, लेकिन नितेश राणे पर आईपीसी धारा 504 के तहत का आरोप साबित हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीएस देशमुख ने कहा कि भले ही राने का इरादा हाईवे की खराब स्थिति के खिलाफ लोगों की आवाज उठाना था, लेकिन किसी लोक सेवक को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उचित नहीं था। अदालत ने फिलहाल सजा को निलंबित कर दिया है, जिससे राने को उच्च अदालत में अपील करने का समय मिल गया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में जोर दिया कि अगर ऐसे घटनाएं जारी रहीं तो लोक सेवक अपनी ड्यूटी गरिमा के साथ नहीं निभा पाएंगे।

### एएपी में टूट से अकाली दल का हौंसला बुलंद

#### सुखबीर सिंह बादल बोले-पंजाब में अब सीधे एसएडी और कांग्रेस में मुकाबला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में शामिल होने पर अकाली दल का पंजाब में हौंसला बुलंद है। अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने इसे पार्टी के बिखरने की शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की राजनीति अब शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर की ओर बढ़ रही है। पंजाब की सत्ताधारी पार्टी के नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि पार्टी ने जमीनी स्तर के



कार्यकर्ताओं को इनाम देने के बजाय 'राज्यसभा के टिकट बेचकर' अपने ही कार्यकर्ताओं को नाराज किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी छोड़कर जाने वाले कुछ सांसद तो मूल रूप से पंजाब के भी नहीं थे और वे संसद में राज्य के मुद्दों को उठाने में भी नाकाम रहे थे।

**सांसदों का जमीनी स्तर पर कोई जुड़ाव नहीं :** सुखबीर सिंह बादल ने आरोप लगाया कि दलबदल करने वाले सांसदों का 'जमीनी स्तर पर कोई जुड़ाव नहीं था'। वे जनसेवा के बजाय निजी महत्वाकांक्षाओं और व्यावसायिक हितों से प्रेरित थे। सुखबीर सिंह बादल ने अकाली दल को राज्य की एक मात्र गहरी जड़ें जमा चुकी राजनीतिक शक्ति के तौर पर पेश किया।

## भविष्य की कारें सिर्फ चलेंगी नहीं, उड़ेंगी-सोचेंगी और फैसले लेंगी

● बीजिंग ऑटो शो में ड्राइवरलेस कार से लेकर 9 मिनट में चार्जिंग तक की तकनीक

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की राजधानी बीजिंग में शुरू हुए ऑटो शो 2026 में भविष्य की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का चेहरा साफ नजर आ रहा है। 3.8 लाख वर्गमीटर में फैले इस मेगा इवेंट में 1,450 से ज्यादा वाहन और 181 ग्लोबल डेब्यू पेश किए जा रहे हैं।

चीन और ग्लोबल कंपनियों ने भविष्य की कारों और ईवीटोल (उड़ने वाले वाहनों) के ऐसे कॉन्सेप्ट पेश किए हैं जो आने वाले समय में ड्राइविंग के मायने बदल सकते हैं। अवतार विजन एक्सपेक्ट्रा- फ्यूचर की कार अवतार की यह 5.8 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक ग्रैंड टूरर एक



'मोबाइल स्पेस' जैसा डिजाइन पेश करता है। ग्लास रूफ, पिलरलेस डोर और प्रिजमैटिक केबिन इसे कार से ज्यादा एक लग्जरी अनुभव बनाते हैं। इसमें ऑटोनॉमस हार्डवेयर और 99 फीसदी एफिशिएंसी वाली मोटर दीहै।

### गीली रोबोटैक्सी-बिना स्टीयरिंग वाली ड्राइवरलेस कार

गीली ने ऑटोनॉमस रोबोटैक्सी पेश की है। इसमें स्टीयरिंग व्हील नहीं है। आमने-सामने सीटिंग और सेंसर-आधारित नेविगेशन सिस्टम इसे पूरी तरह ड्राइवरलेस बनाते हैं। अत्याधुनिक तकनीक इसे खुद फैसला लेने में सक्षम बनाती है। कमर्शियल वर्जन अगले वर्ष आ सकता है। बीवाईडी की यह हाई-परफॉर्मेंस ईवी करीब 1100 हॉर्सपावर ताकत देती है। इसकी बैटरी सिर्फ 9 मिनट में लगभग फुल चार्ज हो जाती है। एक्सपेंग का यह मॉड्यूलर व्हीकल शो का सबसे वायरल आकर्षण रहा। इसमें एक कार के साथ अलग होने



वाला फ्लाइंग मॉड्यूल है, जो जरूरत पड़ने पर हवा में उड़ सकता है। यह कॉन्सेप्ट शहरी ट्रैफिक से बचने का भविष्य दिखाता है और एआई आधारित मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। शाओमी एसयू-7 अल्ट्रा एक ऐसी कार है जो आपके स्मार्ट होम से पूरी तरह कनेक्ट रहती है। अपने मोबाइल फोन से आप कार के दरवाजे खोल सकते हैं, चार्जिंग सेट कर सकते हैं, जबकि कार से आप घर के उपकरणों को नियंत्रित कर सकते हैं।

## बच्चों के संग फुटबॉल खेलते नजर आए पीएम

● मोदी ने गोल मारकर हाई फाइव से बच्चों संग किया सेलिब्रेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पोर्ट्समैंन वाला खास अंदाज मंगलवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर आए पीएम मोदी ने मंगलवार सुबह यहां कुछ लड़कों और लड़कियों के साथ फुटबॉल खेला। इसकी कुछ तस्वीरें और वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जो काफी वायरल हो रही हैं। इस दौरान पीएम मोदी अलग लुक में भी दिखे। तस्वीरें शेयर कर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि यह सेशन काफी मजेदार रहा। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा,गंगटोक की सुहावनी सुबह में सिक्किम के अपने युवा मित्रों के साथ फुटबॉल खेलने का अलग की आनंद है। इन युवाओं के साथ यह फुटबॉल सत्र सचमुच ऊर्जा देने वाला रहा।



### 50वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे पीएम

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में भी पहुंचे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सिक्किम में स्वच्छता और सौंदर्य और राज्य के लोगों की सौम्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य में अवसंरचना सुविधाओं के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है।

### गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालय शीघ्र होंगे सरकारी

**पटना।** राज्य में गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के राजकीयकरण को लेकर सरकार अब गंभीर दिख रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 1980 से 1984 के बीच जो प्राथमिक विद्यालय राजकीयकरण से वंचित रह गए थे, उनमें से शेष बचे विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से सरकारी करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में करीब 500 गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में से वर्तमान समय में लगभग 390 विद्यालय ऐसे हैं, जिन्हें अब तक सरकारी दर्जा नहीं मिल पाया है। अब सरकार इन सभी विद्यालयों के राजकीयकरण पर तेजी से काम करने की तैयारी में है। इस संबंध में मुख्यमंत्री की सहमति भी मिल चुकी है, जिससे प्रक्रिया को गति मिलने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं जल्द पूरी कर ली जाएंगी, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों को राजकीयकृत किया जाएगा। सरकार के इस कदम से राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही, इन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सेवा सुरक्षा मिलने और विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन व सुविधाएं उपलब्ध होने की संभावना भी बढ़ेगी।

## दिल्ली में बड़ी आतंकी साजिश हो गई नाकाम

● 9 गिरफ्तार ,18 आधुनिक हथियार बरामद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। एजेंसियां पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से जुड़े एक संदिग्ध सीमा-पार गिरोह की जांच कर रही हैं। कुल 9 गुर्गे गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से 18 आधुनिक हथियार बरामद किए हैं। यह गैंग पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल के संपर्कों के जरिए मुंगेर के रास्ते कई राज्यों में हथियार पहुंचाने की फिराक में था। इस मामले में एनआईए के वांछित आरोपी शाहबाज अंसारी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। सनद रहे हाल ही में नोएडा से भी दो गैंगस्टरों को पकड़ा गया है जो सीधे तौर पर आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे। ये लोग सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को भड़काने, स्लीपर सेल बनाने और महत्वपूर्ण जगहों की रेकी करने में शामिल थे। इनका मुख्य उद्देश्य भारत की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना और टारगेट किलिंग को अंजाम देना था। सूत्रों ने बताया कि आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करके राष्ट्रीय राजधानी को दहलाने की एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है।

## सभी के सभी 15 नगर निगमों में प्रचंड जीत

● गुजरात में 'आत्मनिर्भर' बनीं बीजेपी, किनारे पर सिमटे कांग्रेस-आप

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच हुए गुजरात स्थानीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ बीजेपी ने तगड़ा प्रदर्शन किया है। बीजेपी की गुजरात यूनिट ने सिर्फ इन चुनावों में 'आत्मनिर्भर' बनकर उभरी है बल्कि राज्य की राजनीति के लिए निर्णायक चार बड़े शहरों अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट समेत नौ नए बने नगर निगमों समेत सभी 15 महापालिकाओं में पर कब्जा बरकार रखा है। पार्टी ने 2021 के चुनावों में आप के गुजरात में एंट्री के लिए हेलीपैड बने सूरत में भी तगड़ा प्रदर्शन किया है। आप ने नेता प्रतिपक्ष का पद भी गंवा दिया है।

**शहरों से लेकर गांवों तक खिला कमल-** बीजेपी ने राज्य के बड़े शहरों में जहां कांग्रेस और आप की दाल नहीं गलने दी तो वहीं दूसरी तरफ गांवों तक जीत हासिल की। कुल 15 महानगरपालिका पर बीजेपी को एकतरफा जीत मिली तो वहीं दूसरी ओर 84 नगर पालिका में 73 पर जीत हासिल की। 6 नगर पालिका कांग्रेस को मिलीं। इनमें डभोई नगर पालिका भी शामिल है। जो कांग्रेस ने बीजेपी से छीनी है। आप के खाते में कोई भी नगर पालिका नहीं आई है। पार्टी ने गरुड़ेश्वर, वालिया, चिकड़ा, लालपुर और बगसरा तालुका पंचायतों में बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन पार्टी ने



सूरत में अपने दिग्गज नेता मनोज सोरठिया को उतारकर उन्हें मेयर बनाने का दांव खेला था। जो पार्टी को भारी पड़ा। सोरठिया चुनाव हार गए। पांच राज्यों के चुनावी शोर के बीच गुजरात में ये इलेक्शन हुए थे। बड़े चुनावों में व्यवस्तता के कारण बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन चुनावों से दूरी रखी थी। पीएम मोदी ने पोस्टल बैलट से वोट डाला था, हालांकि अमित शाह सिर्फ वोट डालने आए थे, लेकिन बीजेपी स्टेट यूनिट के बूते रही।

### पटेल-संघवी ने संभाली थी कमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अुपस्थिति में गुजरात में बीजेपी के प्रचार की कमान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने सभाली थी। प्रदेश प्रमुख जगदीश विश्वकर्मा ने प्रदेश संगठन मंत्री रत्नाकर के साथ मिलकर इन चुनावों में कई बड़े प्रयोग किए। बीजेपी ने अपनी रणनीति से बाजी मार ली। वडोदरा में बीजेपी तगड़े विरोध के बाद भी 44 पार्षदों के टिकट काटकर 2021 जितनी सीटें जीतने में कामयाब रही। पार्टी ने 76 सीटों में 69 सीटें सीटें जीतीं।

## जानलेवा है इस बार की गर्मी! रहें सतर्क

● एंबुलेंस और डॉक्टरों को तैयार रखें,राज्यों को स्वास्थ्य मंत्रालय की चिट्ठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक अहम चिट्ठी लिखी है। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की ओर से यह पत्र भेजा गया है। इसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग की नई रिपोर्ट का जिक्र है। रिपोर्ट कहती है कि अप्रैल से जून 2026 तक देश के कई हिस्सों में गर्मी की लहर ज्यादा पड़ेगी। पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश जैसे तटीय इलाकों में सामान्य से ज्यादा गर्म दिन रहेंगे। गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ इलाकों में भी गर्मी का असर हो सकता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि गर्मी से



बचाव की तैयारी तुरंत शुरू करें। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यानी लू लगने के मरीजों के लिए अलग यूनिट तैयार रखें। एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम को तैयार रखें। लोगों को समय पर चेतावनी दें। गर्मी से बीमार पड़ने वाले मरीजों की जानकारी मंत्रालय के पोर्टल पर तुरंत डालें। इन छोटे-छोटे कदमों से गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों को रोका जा सकता है।

### राज्यों के मुख्य सचिवों को निगरानी के दिए निर्देश

स्वास्थ्य सचिव ने मुख्य सचिवों से अपील की है कि वे खुद इस तैयारी की निगरानी करें। सभी विभाग मिलकर काम करें तो लोगों की जान बचाई जा सकती है। गर्मी की लहर एक बड़ी सार्वजनिक समस्या है। अगर पहले से तैयारी अच्छी हो तो कई मौतें टाली जा सकती हैं। मंत्रालय का कहना है कि राज्यों की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। इस चिट्ठी के साथ तीन उपयोगी दस्तावेज भी भेजे गए हैं। इनमें पुराना सलाह पत्र, मौसम विभाग की पूरी रिपोर्ट और गर्मी से बचाव के तरीके शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि सभी राज्य इन निर्देशों को तुरंत लागू करें। इससे आम लोग गर्मी की मार से सुरक्षित रह सकें। यह चिट्ठी मार्च में भेजे गए पहले पत्र का फॉलो-अप है। भारत में इस साल मई और जून के दौरान गर्मी अपने चरम पर रहने की संभावना है। ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और हीटवेव के दिनों में बढ़ोतरी हो सकती है। लू की घटनाएं अधिक बार और तीव्र हो सकती हैं, जिससे जनजीवन और कृषि पर असर पड़ने की आशंका है। इस बीच, पूर्वोत्तर और दक्षिणी हिस्सों में आंधी, बारिश और गरज-चमक भी देखने को मिल सकती है।

## नाम बदलना, बुर्का ट्रेनिंग और मलेशिया तक लिंक

● टीसीएस नासिक केस में निदा खान को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

मुंबई (एजेंसी)। टीसीएस नासिक यूनिट में कथित जबरन धर्मांतरण और यौन शोषण के मामले में मुख्य आरोपी निदा खान के खिलाफ कोर्ट में नया और चौंकाने वाला सबूत पेश किया गया है। अभियोजन पक्ष ने विशेष अदालत को बताया कि निदा खान ने




शिकायतकर्ता युवती को बुर्का-हिजाब पहनाने की ट्रेनिंग दी, नमाज-रोजा सिखाया और उसका नाम बदलकर 'हानिया' रख दिया। इसके अलावा, मामले में मलेशिया कनेक्शन भी सामने आया है। दरअसल, 27 अप्रैल को नासिक कोर्ट में निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका पर दोनों पक्षों के बीच जोरदार बहस हुई। सरकारी वकीलों ने एसआईटी की जांच में जुटाए गए अहम सबूत पेश किए,जिनमें खुलासा हुआ कि निदा ने युवती को धर्मांतरण की ओर धकेला।

### बंद कमरे में हुई सुनवाई फैसला रखा सुरक्षित

विशेष लोक अभियोजक अजय मिश्र ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि जांच एजेंसियों ने महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि आगे की जांच के लिए निदा खान की हिरासत में पूछताछ जरूरी है। देवलाली पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में युवती ने निदा खान पर धार्मिक भावनाएं आहत करने, सहकर्मी दानिश शेख पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और तौसीफ अत्तार पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने यह सब बताया।

संक्षिप्त समाचार

## वैशाली पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,कैबिनेट एक्सपेंशन पर बोले- समय आने पर सब साफ होगा

**हाजीपुर**। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान वैशाली जिले के बिदुपुर पहुंचे। उन्होंने यहां आग पीड़ितों से मुलाकात की और मीडिया से बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार, लोक जनशक्ति पार्टी की भागीदारी तथा गृह मंत्रालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात की। चिराग पासवान बिदुपुर प्रखंड के खजवत्ता डीह गांव में पासवान टोला के उन पीड़ितों से मिलने पहुंचे थे, जिनके 33 घर 24 मार्च को आग लगने से जलकर खाक हो गए थे। यह आग खाना बनाने के बाद चूल्हे से निकली चिंगारी के कारण लगी थी। इस घटना में प्रभावित परिवारों के घर का सारा सामान जल गया था, जिससे वे खुले आसमान में रहने को विवश थे। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी प्रभावित परिवारों को आर्थिक मुआवजे के रूप में आठ हजार रुपए प्रदान किए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा भी सभी पीड़ित परिवारों को आवश्यक लाभ दिए गए हैं। इस दौरान वैशाली जिलाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। मंत्रिमंडल विस्तार और लोक जनशक्ति पार्टी की भागीदारी के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि "समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।" उन्होंने जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद जताई। बिहार में गृह मंत्रालय को लेकर चल रही चर्चा पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। चिराग पासवान ने कहा कि जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, तब भी गृह मंत्रालय सम्राट चौधरी के पास था। उन्होंने सम्राट चौधरी की नेतृत्व क्षमता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। चिराग पासवान ने आगे कहा कि नेतृत्व परिवर्तन का समय ऐसा होता है जब असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में कानून-व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कर ली जाएगी।

## दानापुर-बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन की सेवा अवधि बढ़ी

**हाजीपुर**। रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दानापुर और एसएमवीटी बेंगलुरु के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन की परिचालन अवधि का विस्तार किया है। अब यह विशेष ट्रेन दानापुर से 31 मई 2026 तक और एसएमवीटी बेंगलुरु से 2 जून 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी। गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 मई 2026 तक प्रतिदिन जारी रहेगा। यह ट्रेन दानापुर से दोपहर 3:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 03252 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर स्पेशल ट्रेन 2 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। यह ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु से रात 11:50 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन रात 11:55 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन अप और डाउन दोनों दिशाओं में आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सतना और जबलपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

## 79 ग्राम हेरोईन के साथ दो तस्कर अरेस्ट

**हाजीपुर**। वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र में पुलिस ने 79 ग्राम हेरोईन के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगरू चौक के पास वाहन जांच के दौरान की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वैशाली पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में यह सफलता मिली है। 26 अप्रैल 2026 की शाम महुआ थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इसमें बताया गया था कि बाइक सवार दो तस्कर अवैध मादक पदार्थ लेकर मंगरू चौक की ओर आ रहे हैं। यह जानकारी तत्काल वरीय अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक, वैशाली के



निर्देश पर सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए महुआ थाना ने मंगरू चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बाइक सवार दोनों तस्करों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 79 ग्राम हेरोईन बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान प्रकाश कुमार (पिताः स्व. उमेश महतो, निवासीः कटहरा चौक, थानाः कटहरा, जिलाः वैशाली) और राहुल कुमार (पिताः गरीबन भगत, निवासीः हरपुर अरसा, थानाः कटहरा, जिलाः वैशाली) के रूप में हुई है। पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री के स्रोत और गंतव्य का खुलासा हुआ है। इस संबंध में महुआ थाना में कांड संख्या 309/26 दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का भी पता लगा रही है। बरामद सामान में 79 ग्राम हेरोईन के साथ एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी शामिल है।

## एक ही रस्सी से गला घोंटकर मां-2 बच्चों की हत्या

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। घर में घुसकर महिला और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी गई है। मंगलवार सुबह कमरे में बेड पर तीनों के शव मिले हैं। घटना कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन जगदीश उर्फ बझिला की है। मृतकों की पहचान मिठाई लाल की पत्नी रीता देवी (30), बेटी वैष्णवी (2 साल) और बेटा कन्हैया (3 महीना) के तौर पर हुई है। पति ने बताया, 'मैं बारात में गया था, सुबह लौटा तो देखा घर का दरवाजा बाहर से बंद था, गेट खोला तो बेड पर लाश थी। पास ही एक रस्सी पड़ी थी।' मामले की गंभीरता को देखते हुए DSP पश्चिमी सुचित्रा कुमारी, ग्रामीण SP राजेश सिंह प्रभाकर मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। मृतका की सास उर्मिला देवी ने SP से कहा, 'जैसे मेरे बच्चों को मारा गया है, वैसे ही उनको सजा मिलनी चाहिए।' पुलिस ने दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। महिला के पति मिठाई लाल शाह कैटरिंग का काम करते हैं। मिठाई लाल ने बताया, 'सोमवार की रात एक कैटरिंग ऑर्डर को पूरा करने के लिए मैं अपने भाई के साथ बारात में गया था। मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे घर पहुंचा। घर के सभी दरवाजे बाहर से बंद थे। तभी मुझे शक हुआ। मैंने और भाई ने जैसे-तैसे घर का दरवाजा खोला और अंदर गए।' मिठाई लाल कहा, 'कमरे में गए तो देखा, बेड पर मेरी पत्नी और दोनों बच्चों की लाश पड़ी थी। एक ही रस्सी से तीनों की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मेरा परिवार उजड़ गया। ' मिठाई लाल की शादी 2019 में हुई थी। उनके 4 बच्चे हैं। 2 बच्चे दादी के साथ सोए थे। इसलिए उनकी जान बच गई। मिठाई लाल का कहना है, 'हमारे रिश्तेदार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। ये झगड़ा काफी पुराना है। उन लोगों ने हमारी जमीन भी बेच दी और मेरे परिवार को खत्म कर दिया।' मिठाई लाल का आरोप है, 'सोमवार दोपहर को भी मरे रिश्तेदारों ने धमकी दी थी कि पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। लेकिन मैंने धमकी को नजरअंदाज कर दिया। वो लोग पहले भी कई बार धमकी दे चुके हैं।' मृतका के मामा ससुर अमरनाथ ने बताया, 'पहले से जमीन विवाद चल रहा है। 10 बार से ज्यादा पंचायती भी हो चुकी है। पिछले साल अक्टूबर में भी पंचायती हुई थी। आरोपी परिवार ने जमीन बेचकर ज्यादा पैसे खुद रख लिए, जिसे लेकर विवाद था। उनलोगों ने कई बार मेरे भांजे को धमकी दी थी कि सबको मार डालेंगे। आज सुबह बहन से मुझे फोन करके कहा जल्दी आओ घर में सबको मार कर सुला दिया है।'

## पर्ची काटने के विरोध में हंगामा, सड़क जाम

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर मंगलवार को ऑटो और टोटो चालकों ने अवैध पर्ची काटने के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। स्टेशन रोड की मुख्य सड़क को करीब आधे घंटे जाम कर दिया। गौतम बुद्ध द्वार के पास नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में चालक शामिल हुए। उनका आरोप है कि स्टेशन के बाहर अवैध रूप से पर्ची काटी जा रही है। पैसे नहीं देने पर वेंडर गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। इसको लेकर लंबे समय से शिकायत की जा रही थी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। ऑटो यूनियन के सचिव मोहम्मद इलियास ने कहा कि पिछले एक महीने से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्टैंड के बाहर सड़क पर ही पर्ची काटी जा रही है। पैसे नहीं देने पर चालकों के साथ मारपीट की जाती है। विरोध करने पर वेंडर दबंगई दिखाते हैं। अगर अवैध पर्ची काटने की व्यवस्था बंद नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे चालकों को समझाने का प्रयास किया। जाम के कारण स्टेशन रोड पर करीब आधे घंटे यातायात प्रभावित रहा। वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

# 'बिहारी हूं, कहने पर पुलिस ने गोली मारकर की हत्या'

### दोस्त बोला- नशे में था दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल, तेजस्वी ने पूछा- बिहारी होना देशद्रोह है?

एजेंसी, पटना

दिल्ली में बिहार के खगड़िया के रहने वाले पांडव कुमार (23) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पांडव के दोस्त ने बताया, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात हवलदार ने नशे में पांडव और उसके साथी कृष्णा को गोली मार दी। इलाज के दौरान पांडव की मौत हो गई। कृष्णा की हालत गंभीर बनी है। पांडव दिल्ली में डिलीवरी बॉय का काम करता था। घटना दिल्ली के द्वारका के जाफरपुर कलां इलाके में शनिवार रात की है। वारदात के बाद आरोपी हवलदार मौके से फरार हो गया। वारदात के समय पांडव, कृष्ण और बाकी युवक दोस्त के बेटे की बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे थे। इस बीच हवलदार आधी रात को भीड़ लगाने का कारण पूछने लगा।

आरोप है कि शराब के नशे में धुत हवलदार नीरज सभी दोस्तों के साथ गाली-गलौज करने लगा। जैसे ही पीड़ित पांडव कुमार ने बताया कि वह बिहार का है, इस पर वह और आग बबूला हो गया। उसने पिस्टल निकालकर पांडव के सीने से सटाकर गोली चला दी। गोली आर-पार होकर इसके साथ बाइक पर पीछे कृष्ण के पेट



में जा लगी। पांडव की हत्या के बाद अब बिहार में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। तेजस्वी यादव, पप्पू यादव और खेसारी लाल यादव ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरा है।

**जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था पांडवः** पांडव कुमार बिहार के खगड़िया का रहने वाला है। अपने परिवार के साथ वो दिल्ली की प्रजापति कॉलोनी, उत्तम नगर में रहता था। परिवार में पिता गणेश सिंह, मां, एक भाई विकास और शादीशुदा बहन हैं। पांडव कुमार जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था। शनिवार इनके दोस्त रूपेश कुमार के दो साल के बेटे का जन्मदिन था। रूपेश कुमार जाफरपुर कलां में रहता है।

**पार्टी खत्म कर लौट रहे थे, कॉन्स्टेबल ने गोली मारीः** पांडव के दोस्त ने पुलिस को बताया, कई दोस्त रूपेश की जन्मदिन की पार्टी में मौजूद थे। देर रात पार्टी खत्म होने के बाद करीब 20 लोग गली से निकलकर मेन रावता रोड पर आ गए। इनमें कई महिलाएं और युवक मौजूद थे। कैब बुक करने के बाद कई लोग चले भी गए। सड़क पर एक बाइक पर पांडव, कृष्ण और दीपक। स्कूटी पर छोटू किशन और कृष्ण मौजूद थे। रात करीब 2 बजे रूपेश इनको छोड़ने के लिए वहां मौजूद था। इस बीच सामने रहने वाला हवलदार नीरज नशे में धुत होकर वहां पहुंचा। आते ही उसने भीड़ लगाने का कारण पूछा। इस बीच नीरज ने लड़कों से पूछा कि तुम लोग कहां के रहने वाले हो। जैसे ही पांडव ने बताया कि वह बिहार का रहने वाला है, उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। इस बीच कॉन्स्टेबल ने पिस्टल निकालकर पहले पांडव के सिर पर रखी और बाद में सीने से सटाकर उस पर गोली चला दी। गोली पांडव के सीने को चीरती हुई ठीक उसके पीछे बैठे कृष्ण के पेट में जा लगी। बाद में आरोपी सभी लड़कों को धमकाता हुआ वहां से फरार हो गया। अस्पताल में पांडव को मृत घोषित कर दिया, कृष्णा का इलाज जारी है।

## नीट के स्टूडेंट ने किया सुसाइड, हॉस्टल के कमरे में मिली युवक की लाश

एजेंसी, पटना



पटना में नालंदा रेजीडेंसी हॉस्टल में नीट के छात्र ने जहर का खाकर सुसाइड कर लिया है। मृतक मुजफ्फरपुर के भगवानपुर का रहने वाला श्रेयम है। जो पिछले 2 साल से नालंदा रेजीडेंसी के फ्लैट नंबर 303, बेड नंबर 98 में रहता था। लाश के बगल में बगल में सोडियम एजाइड (जहर) का एक डब्बा भी था। श्रेयम के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। कमरे में एक और छात्र रहता है, जो फिलहाल हॉस्टल में नहीं है, वो एग्जाम के लिए अपने घर गया हुआ है। घटना एसके पुरी थाना क्षेत्र के एनपथ की है।

**कुछ दिनों से शांत रह रहा थाः** बगल के कमरे के छात्र अंश ने बताया कि पिछले 3 दिनों से श्रेयम शांत दिख रहा था। कभी-कभी हम लोगों के कमरे में आता था। बातचीत होती थी, लेकिन इससे पहले कभी इस तरीके से उसे शांत नहीं देखा था। कल देर रात तक उसके कमरे से फोन पर बातचीत की आवाज आ रही थी। सुबह आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुल रहा था। हॉस्टल की कुछ भइया लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो अपने बेड पर पड़ा था। हॉस्टल के ओनर बृजेश कुमार ने बताया कि पिछले 2 साल 1 महीने से श्रेयम रह रहा था। स्वभाव से बहुत अच्छा था। पटना के ऐलेन कोचिंग से मेडिकल की तैयारी कर रहा

◆ सोडियम एजाइज खाकर दी जान

था। श्रेयम का एक और भाई शुभम यहां रहता है। रात लगभग एक बजे के करीब उससे श्रेयम की सीढ़ी पर मुलाकात हुई थी। श्रेयम पानी लेकर अपने रूम में उस वक्त जा रहा था। सुबह में श्रयस दरवाजा नहीं खोल रहा था। श्रेयम का कजन शुभम और हॉस्टल के वार्डन पहुंच कर दरवाजा खोलें। श्रेयम की लाश बेड पर थी। इसी बीच श्रेयम की मां आई, जिन्होंने श्रेयम को मेरे यहां हॉस्टल में रखवाया था। उन्होंने आने के साथ पानी वगैरह का छींटा। सीने पर पंप भी किया। इसके बाद जल्दबाजी में अस्पताल गए। तब तक मैंने डायल-112 को कॉल किया, लेकिन डायल-112 की टीम नहीं आई। फिर मैंने अपने बेटे को थाने पर भेजा। पुलिस आई है। फोरेंसिक टीम टीम भी आई है। कमरे से बोतल कप, चम्मच, चादर और पॉइजन के डिब्बे जब्त कर लिए हैं। कमरे को सील कर दिया गया है।

## डायल 112 वाहन ने छात्र को मारी टक्कर, दानापुर में चालक मौके से फरार

एजेंसी, पटना

दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में डायल 112 के एक गश्ती वाहन ने स्कूली छात्र को टक्कर मार दी। घटना शाहपुर थाना अंतर्गत मठियापुर इलाके के ठाकुर मोड़ के पास हुई। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। आसपास के लोगों ने घायल छात्र को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया और उसके परिजनों को सूचित किया।

घायल छात्र की पहचान मठियापुर निवासी सत्येंद्र कुमार के बेटे हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। हिमांशु ताराचक स्थित ओमेगा मिशन स्कूल में कक्षा एक का छात्र है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।



**छुट्टी के बाद हिमांशु पैदल घर लौट रहा थाः** घायल छात्र के चाचा पप्पू कुमार ने बताया कि मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद हिमांशु पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डायल 112 वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। टक्कर मारने के बाद डायल 112 का वाहन सायरन बजाते हुए मौके से फरार हो गया। शाहपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

# 'बेटे की लाश रखकर बिल बनाता रहा पारस अस्पताल'

एजेंसी, पटना

पटना के राजा बाजार स्थित पारस अस्पताल में सोमवार को 9वीं के छात्रा की मौत हो गई। परिजन ने जमकर हंगामा किया। ICU बेड, वेंटिलेटर लेकर ही सड़क पर उतर गए और विरोध जताया। अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिसर में जमकर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की। परिजन का कहना था कि बच्चा मर चुका था फिर भी उसे जिंदा बताकर अस्पताल ने पैसे ऐंठे। परिजन के मुताबिक, मृतक छात्रा विशाल के इलाज में 2 लाख रुपए खर्च हुए। परिवार ने कर्ज लेकर अस्पताल में पैसे जमा कराए, लेकिन इलाज सही से नहीं होने पर विशाल बच नहीं पाया। विशाल अपने घर का इकलौता बेटा था, पटना अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

**सबसे पहले जानिए कैसे**



**अस्पताल पहुंचा विशालः** दरअसल, रविवार शाम महुआबाग में खेलने के दौरान लड़कों में किसी बात पर विवाद हो गया। इस विवाद में विशाल को रिटायर्ड दारोगा के बेटे ने बैट से सिर के पिछले हिस्से में मार दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। बेहोशी के हालत में ननिहाल के परिजन ने विशाल को पटना के पारस अस्पताल में लगभग 5:30 बजे एडमिट कराया। विशाल के पिता ऋषि चौहान लुधियाना में मजदूरी करते हैं। विशाल बचपन से ही नानी

❑ नाना बोले- खेत बेचकर 2 लाख जमा किए, एक बार नाती को देखने तक नहीं दिया

घर रहता था।

**घर का इकलौता चिराग था विशालः** मामी प्रियंका देवी ने बताया, विशाल महुआबाग के बीएमपी स्कूल टहल टोला में 9वीं क्लास का छात्र था। घर का इकलौता चिराग था। आर्थिक तंगी होने के बाद भी पटना के सबसे बड़े अस्पताल पारस में एडमिट कराया। ताकि उसकी जान बच जाए। आगे कहा, हमलोगों के पास रुपए भी नहीं थे। जैसे तैसे 10% के ब्याज पर 2 लाख का कर्ज लिए। अस्पताल पहुंचने के साथ ही काउंटर पर तकरीबन 1,35000 कैश जमा कराए। इलाज में 200000 खर्च हो गए, लेकिन जिस तरीके से इलाज होना चाहिए था, वह अस्पताल में नहीं हो पाया। यहां तक कि समय-समय पर डॉक्टर भी नहीं मौजूद थे।

**अस्पताल के डाटा में डेढ़ लाख जमा कराने का रिकॉर्डः** अस्पताल की पर्ची के मुताबिक, मृतक विशाल को न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट में एडमिट कराया गया था। डॉक्टर अंबुज कुमार पेशेंट को देख रहे थे। एडमिशन डेट 26 अप्रैल शाम 6:45 बजे अंकित है। डॉक्टर अंबुज कुमार के हर विजिट के 1810 रुपये चार्ज लिए गए हैं। CBC के 963.90 रुपए, अस्पताल की ओर से एक दिन के जनरल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस के नाम पर 4570 रुपए वसूले गए हैं। यहां तक की डाइट चार्ज के भी 650 रुपए लिए गए हैं। कुल मिलाकर करीब डेढ़ लाख के आसपास पैसे दिए गए।

# बख्तियारपुर न्यू-मार्केट में इनवर्टर के शॉर्ट सर्किट से आग

एजेंसी, पटना

बख्तियारपुर स्टेशन मार्ग स्थित न्यू मार्केट में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 'खान शू हाउस' नामक चप्पल की दुकान और एक कपड़े की दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की ऊंची लपटें कई दुकानों से उठने लगीं और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। धुएं का गुबार इतना भीषण था कि पूरे स्टेशन रोड इलाके में दृश्यता कम हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

**आग बुझाने के प्रयास में जुटी दमकलः** घटना की सूचना मिलते ही बख्तियारपुर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियां तुरंत आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गईं। खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह शांत नहीं हुई थी और दुकानों के भीतर रखा सामान जल रहा था। अग्निशमन दल के दीपक कुमार सिंह ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोकना है। उन्होंने यह भी कहा कि आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सिंह के अनुसार, आग पर पूरी तरह काबू



पाने और कूलिंग प्रक्रिया के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कितनी दुकानें प्रभावित हुई हैं और कुल कितना नुकसान हुआ है। स्थानीय दुकानदारों ने लाखों रुपये के माल के नुकसान का अनुमान लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और प्रभावित दुकानदारों का विवरण जुटाया जा रहा है।

**पीड़ित दुकानदार ने बतायाः** पीड़ित दुकानदार मोहम्मद अरमान खान पिता मोहम्मद इस्लाम खान निवासी अबू मोहम्मदपुर की बख्तियारपुर स्टेशन रोड स्थित न्यू मार्केट में चप्पल और कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में चप्पल और रेडीमेड कपड़ों की कुल छह दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं।

❑ चप्पल-कपड़े की 4 दुकानें जलकर राख, 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

दुकानदार का कहना है कि इस घटना में करीब 50 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है।


दुकानदार अरमान खान ने बताया कि वह सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान न्यू स्टार खान शू हाउस से धुआं निकल रहा है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर से भारी मात्रा में धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। अग्निशमन टीम द्वारा आग पर काबू पाने और नुकसान के आकलन का कार्य जारी है।

**कई अधिकारी मौके पर पहुंचेः** मौके पर सीनियर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी पटना रितेश कुमार पांडे, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मोंटी कुमारी, प्रशिक्षु जिला अग्निशमन पदाधिकारी अतुल कुमार सहित कई अग्निशमन कर्मी मौजूद रहे और राहत कार्य में जुटे रहे।

## पूरे बिहार में आंधी-बारिश का अलर्ट, 5 डिग्री गिरेगा पारा

एजेंसी, पटना

बिहार में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने बिहार के 36 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। 14 जिलों के लिए ऑरेंज, जबकि 24 के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पटना समेत दक्षिण बिहार के कुछ इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं। विभाग की माने को बिहार में 30 अप्रैल तक आंधी-बारिश की स्थिति बन सकती है। इस दौरान 50KM प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। अगले 2-3 दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। 1 मई से बिहार में फिर से तापमान बढ़ने की संभावना है। कई जिलों में लू चल सकती है। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान कैमूर में 41.4 और डेहरी में 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना में



अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री रहा। बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बारिश की वजह से तापमान की तपिश में थोड़ी कमी आई है। तेज धूप के बीच हल्की ठंडी हवा चलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। अब तक बिहार के अलग-अलग जिलों में आंधी-बारिश और ठनका गिरने से 5 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, दो दिन पहले भीषण गर्मी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई थी। पटना में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री रहा। जबकि दो दिन पहले तक यह 40 से ऊपर दर्ज किया जा रहा था। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2-3 दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

## तेज प्रताप ने धीरेंद्र शास्त्री से पूछा अपना पॉलिटिकल फ्यूचर

एजेंसी, पटना

JJD नेता तेज प्रताप यादव और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बीच बातचीत का वीडियो सामने आया है। इस बातचीत में तेज प्रताप ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मेरा थोड़ा राजनीतिक भविष्य देख लीजिए। इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने जवाब दिया,'हम लोग जब साथ बैठेंगे, तब देख लेंगे।' ये वही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हैं, जिनके बिहार आगमन का तेज प्रताप यादव ने कभी खुलकर विरोध किया था, अब उसी धीरेंद्र शास्त्री से उन्होंने वीडियो कॉल पर बातचीत की है।

**2023 में दी थी कड़ी चेतावनीः** साल 2023 में जब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटना के नौबतपुर में कथा करने आने वाले थे, तब तेज प्रताप यादव ने कड़ा विरोध जताया था। उन्होंने कहा था कि बिहार गांधी और बुद्ध की धरती है, यहां अगर कोई हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने आएगा तो उसे



वापस लौटना होगा। तेज प्रताप ने यहां तक कह दिया था कि जरूरत पड़ी तो वे पटना एयरपोर्ट का घेराव करेंगे। उस वक्त उनका यह बयान काफी सुर्खियों में रहा था और इसे धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ खुली चेतावनी माना गया था। इसी दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए तेज प्रताप यादव ने एक कार्यक्रम में बिना नाम लिए धीरेंद्र शास्त्री पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था,'बहुत बाबा आए, लेकिन हम बहुत बड़े बाबा हैं। हम जमीन से लेकर पाताल तक नाप देंगे।' तेज प्रताप यादव ने एक एजेंसी में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तुलना राम रहीम और आशाराम बापू से भी की थी।

# पटना के मरीन ड्राइव पर बनेगा एंटरटेनमेंट-किड्स जोन, ऐम्फीथिएटर

एजेंसी, पटना

पटना के गंगा पथ में दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन डेवेलप किया जाएगा। 1.93 एकड़ में बन रहे इस वेंडिंग जोन में एंटरटेनमेंट जोन, ऐम्फीथिएटर, किड्स जोन का निर्माण किया जाएगा। दीघा गोलंबर के नीचे और अटल पथ के पास खाली जमीन पर यह वेंडिंग जोन विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गंगा पथ की सड़क को अतिक्रमण मुक्त करना और जाम की समस्या को कम करना है। इसे दो फेज में तैयार किया जाएगा।

**सेल्फी पॉइंट भी बनाए जाएंगेः** पहले फेज में पीसीसी सड़क और पेवर ब्लॉक बिछाकर दुकानदारों को जगह आवंटित की जाएगी। 15 मई तक शिफ्टिंग का




लक्ष्य रखा गया है। दूसरे फेज में इस एरिया को डेवेलप करते हुए एक इंटरटेनमेंट जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। नए वेंडिंग जोन में पार्किंग, शौचालय, पेयजल और हाई-मास्ट लाइट की व्यवस्था होगी। इसमें खास तरह के डेकोरेटिव लाइट्स लगाए जाएंगे। खूबसूरत तरीके से प्लांटेशन और लैंडस्केपिंग होगी। इसके साथ ही सेल्फी पॉइंट भी बनाए जाएंगे।

**2.96 करोड़ रुपये में लगेंगे**

❑ 2 फेज में डेवेलप होंगे वेंडिंग जोन, 1.93 एकड़ में निर्माण, सेल्फी पॉइंट भी बनाए जाएंगे

**हाई मास्ट लाइटः** दीघा गोलंबर के नीचे वेंडिंग जोन बनाने के लिए दानापुर अंचलाधिकारी से एनओसी मिलने के बाद काम में तेजी लाई गई है। वेंडिंग जोन को विकसित करने के लिए पेवर ब्लॉक बिछाने और हाई मास्ट लाइट लगाने जैसे कार्यों पर 2.96 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निगम ने 15 मई तक करीब 250 दुकानदारों को यहां अस्थायी रूप से बसाने का लक्ष्य रखा है, जिसकी तैयारी के लिए 59 लाख रुपये अलग से आवंटित किए गए हैं।

# अवैध क्लिनिको व अल्ट्रासाउंड केन्द्रो पर छापेमारी, पीएचसी प्रभारी पर सवाल

**सागर सूरज**

**मोतिहारी/हरसिद्धि।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। अरेराज की अनुमंडल पदाधिकारी अंजली कुमारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। टीम ने कथित चिकित्सक डॉ. आर. चौधरी समेत कई संदिग्ध क्लिनिकों पर एक साथ दबिश दी, जहां जांच के दौरान आवश्यक कागजात, वैध पंजीकरण और निर्धारित मानकों के पालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

प्रशासनिक टीम ने अंसारी हेल्थ केयर और यशोदा अल्ट्रासाउंड सहित कई केंद्रों की गहन जांच की। जांच के दौरान दस्तावेजों की कमी, पंजीकरण से संबंधित त्रुटियां और संचालन के नियमों का उल्लंघन पाया गया। इसी क्रम में स्टैंड क्षेत्र से पानापुर नवका टोला निवासी उदय कुमार को हिरासत में लिया गया, जिसके पास से 2300 रुपये नकद और तीन प्रकार की रसीदें बरामद हुईं। इस बरामदगी के बाद अवैध संचालन और आर्थिक लेनदेन के पहलुओं की भी जांच शुरू कर दी गई है।

छापेमारी की सूचना मिलते ही कई क्लिनिक संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने ऐसे सभी संचालकों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की बात कही है। अधिकारियों के अनुसार, अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, इस पूरी कार्रवाई के बीच स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार,




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरसिद्धि के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार पिछले लगभग 20 वर्षों से यहां कार्यरत हैं। ऐसे में पीएचसी के 300 मीटर के भीतर अवैध क्लिनिकों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का लंबे समय से संचालन प्रशासनिक निगरानी पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सवाल यह भी है कि ऐसे अवैध क्लिनिक क्या पीएचसी प्रभारी के गंदे संरक्षण मे चल रही थी क्या उसका अवैध लाभ प्रभारी को भी मिलता था.

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि छापेमारी से पहले कई संचालकों को इसकी जानकारी मिल गई थी, जिसके कारण वे अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो सके। इससे कार्रवाई की गोपनीयता और निगरानी व्यवस्था को लेकर संदेह की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी अंजली कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील कुमार तथा थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ सघन अभियान जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिवाटिका चौक से किशोरी लापता, परिजनों में दहशत



**बीएनएम @ बेतिया।** नगर थाना क्षेत्र के हरिवाटिका चौक से एक किशोरी के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में दहशत का माहौल है और अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि किशोरी अपनी मां के साथ बाजार से घर लौट रही थी। इसी दौरान हरिवाटिका चौक के पास चिप्स खरीदने के क्रम में वह अपनी मां से करीब 100 मीटर दूर हो गई और अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। लापता किशोरी की उम्र लगभग 16 से 18 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गोरा, कद लंबा तथा बाल घने और काले हैं। घटना के समय वह गुलाबी सलवार-सूट पहने हुई थी। परिजनों ने इस संबंध में मुफस्सिल थाना में सनहा दर्ज कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। परिवार के लोग काफी चिंतित हैं और बच्ची की सुरक्षित वापसी की अपील कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। यदि किसी को भी किशोरी के संबंध में कोई जानकारी मिले तो मोबाइल नंबर +91 7808580784 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

### सिपाही हत्या कांड में दोषी को उम्रकैद, पांच लाख जुर्माना



**बीएनएम @ बेतिया।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे-02) अमिताभ कुमार ने बहुचर्चित सिपाही हत्या कांड में आरोपी सर्वजीत कुमार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला थाना कांड संख्या 234/25 के तहत सुनाया गया। मामले में अभियुक्त सर्वजीत कुमार (पुत्र नवल किशोर राम, निवासी खनेट, थाना पवना, जिला भोजपुर) को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोषी पाया गया। दंड के बिंदुओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने कड़ी सजा सुनाई। कांड के अनुसार, बेतिया पुलिस लाइन बैरक नंबर चार में तैनात सिपाही सर्वजीत कुमार ने सरकारी इंसास राइफल से सिपाही सोनू कुमार पर 19 राउंड फायरिंग कर दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस जघन्य घटना ने पुलिस महकमे में भी सनसनी फैला दी थी। इस मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के तहत की गई, जिसके कारण कम समय में न्यायिक प्रक्रिया पूरी हो सकी। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक सैयद अनवर हुसैन ने मजबूत पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। इस फैसले को पीड़ित पक्ष के लिए न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### बिजली चोरी करते रंगे हाथ धराया, एफआईआर दर्ज

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** शंकर सरैया परसौना में विद्युत विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामेश्वर साह के रूप में हुई है। मामले में कनीय विद्युत अभियंता राघवेंद्र प्रसाद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम आरोपी के घर पहुंची, जहां जांच के दौरान यह सामने आया कि जनवरी 2025 में बकाया राशि 21 हजार रुपये से अधिक होने के कारण उसका बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी बिना आरसी-डीसी कराए मुख्य एलटी लाइन से अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहा था। इस अवैध कनेक्शन के कारण विभाग को बकाया और चोरी मिलाकर कुल 31,028 रुपये की क्षति हुई है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही विभाग ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### शंकर सरैया चौक पर शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच नशेड़ी गिरफ्तार

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** स्थानीय थाना पुलिस ने शंकर सरैया चौक पर छापेमारी कर हंगामा कर रहे पांच नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी शराब के नशे में धुत होकर शोर-शराबा कर रहे थे, जिससे आसपास के लोगों में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इसी दौरान किसी स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के रानी छपरा गांव के निवासी हैं। इनकी पहचान ब्रजेश कुमार, मुकेश कुमार, मदन दास, सुनील दास और जितेंद्र दास के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों की बारी-बारी से ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशे के खिलाफ अभियान को लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

### हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए




**बीएनएम @ रामगढ़वा।** पलनवा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान धनगढ़वा निवासी इमामुल हक (पिता अब्दुल्लाह मियां) और गुड्डू आलम (पिता इमामुल हक) के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को उनके गांव धनगढ़वा से ही गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पलनवा थाना कांड संख्या 93/26 के तहत मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## साइबर ठगी गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, छापेमारी टीम में कई अधिकारी शामिल

**बीएनएम @ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अहम सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, साइबर थाना की टीम ने साइबर ठगी गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज कुमार श्रीवास्तव (पिता- नागेंद्र प्रसाद, निवासी रामकरण, थाना चकिया, जिला पूर्वी चंपारण) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फर्जी पेमेंट ऐप के जरिए लोगों से ठगी करता था और उनके खातों से पैसे निकलवाता था। बताया गया है कि वह पूर्व में भी इस तरह के मामलों में संलिप्त रहा है और जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से अपराध में सक्रिय हो गया था। इस



संबंध में एक CSP संचालक की शिकायत पर कांड संख्या 79/26 दर्ज कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष पु.नि. राजीव कुमार सिन्हा, पु.अ.नि. प्रत्युष कुमार विक्की, पु.अ.नि. प्रियंका, पु.अ.नि. शिवम कुमार सिंह, सिपाही गौतम कुमार, सिपाही राकेश कुमार यादव तथा टीम डायल-112 के कर्मी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी

## विद्या का मंदिर या मदिरालय? वायरल तस्वीर ने खोली शिक्षा व्यवस्था की पोल

**बीएनएम @ रक्सौल**

**रक्सौल।** आदापुर प्रखंड के उचीडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय से वायरल हुई एक तस्वीर और वीडियो ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तस्वीर में स्कूल के बेंचों पर शिक्षक चिकेन पार्टी करते नजर आ रहे हैं, जिससे विद्यालय परिसर की गरिमा पर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में शिक्षकों के बीच शराब को लेकर बातचीत भी सुनाई देने का दावा किया जा रहा है, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में आक्रोश है। सवाल उठ रहा है कि जहां बच्चों को पढ़ाई और संस्कार सिखाए जाने चाहिए, वहां इस तरह की गतिविधियां कैसे हो रही हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता



और अनुशासन दोनों पर प्रश्नचिह्न लग गया है। वहीं, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सफाई देते हुए कहा कि रसोइया सरस्वती देवी के पोते का जन्मदिन था। घर में जगह नहीं होने के कारण रविवार को स्कूल परिसर में ही छोटा सा कार्यक्रम किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि तस्वीर और वीडियो कैसे वायरल हो गए। इधर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जांच में जन्मदिन समारोह की पुष्टि हुई है और संबंधित रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी को भेज दी गई है। फिलहाल शिक्षा विभाग की आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## टेम्पू स्टैंड पर छापेमारी में एक धराया, अवैध वसूली के संकेत; सरकारी जमीन पर ईंट-बालू कारोबार पर भी सवाल

**बीएनएम @ हरसिद्धि**

**हरसिद्धि।** स्थानीय स्टैंड क्षेत्र में प्रशासन की बड़ी छापेमारी में एक व्यक्ति को पकड़कर उससे नकद राशि और रसीदें बरामद की गईं, जिससे अवैध वसूली के पुराने नेटवर्क पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह कार्रवाई अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली कुमारी के नेतृत्व में की गई। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान उदय कुमार (ग्राम पानापुर नवका टोला, हरसिद्धि) के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान उसके पास से 2300 रुपये नकद और तीन प्रकार की रसीदें बरामद की गईं। प्रारंभिक जांच में इन रसीदों के जरिए यात्रियों और वाहन चालकों से अवैध वसूली किए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस अभियान में हरसिद्धि बीडीओ गुलशन कुमार, थानाध्यक्ष सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। टीम ने स्टैंड क्षेत्र में सघन जांच कर कई बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। इधर, थाना के सामने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से ईंट और बालू के कारोबार होने की बात भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है



कि लंबे समय से सरकारी जमीन का दुरुपयोग कर यह कारोबार संचालित हो रहा है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अचानक हुई इस छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने बरामद नकदी और रसीदों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध वसूली के साथ-साथ सरकारी जमीन पर चल रहे अवैध कारोबार की भी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गलत टीसी व फर्जी जन्मतिथि शपथपत्र पर किशोर के पिता पर प्राथमिकी दर्ज

**बीएनएम @ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी किशोर से जुड़ी जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोप है कि किशोर के पिता ने अपने पुत्र की उम्र कम दिखाने के लिए गलत ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) और फर्जी जन्मतिथि का शपथपत्र प्रस्तुत किया। इस संबंध में नगर थाना, मोतिहारी में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले में कार्यालय लिपिक सत्यनारायण कुमार द्वारा थाना को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि किशोर न्याय परिषद, मोतिहारी में वाद संख्या 2963/26 तथा लखौरा थाना कांड संख्या 86/26 से संबंधित प्रकरण की जांच के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई। जांच में पाया गया कि किशोर सत्यवीर कुमार के अभिभावक मुखदेव सहनी द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र में दी गई जन्मतिथि और शैक्षणिक विवरण संदिग्ध हैं। शपथपत्र के अनुसार, किशोर की पढ़ाई प्राथमिक विद्यालय, अधवारा में कक्षा 1 से 8 तक बताई गई और पांचवीं उत्तीर्ण का टीसी (प्रमाण पत्र संख्या 2605671) संलग्न किया गया, जिसमें जन्मतिथि 19.12.2009 दर्ज है। लेकिन विद्यालय के अभिलेखों की जांच में उसी क्रमांक पर जन्मतिथि 19.03.2008 पाई गई। साथ ही नामांकन और स्कूल छोड़ने की तिथि में भी अंतर सामने आया। प्राथमिक जांच में दस्तावेजों में स्पष्ट विसंगति मिलने के बाद अभिभावक पर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप लगा है। नगर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की गहन जांच जारी है।

## दहेज हत्या कांड के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ हरसिद्धि**

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर दहेज हत्या के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हलचल तेज हो गई है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुभाष प्रसाद (पिता स्व. लालबहादुर प्रसाद), निवासी मठलोहियार, मालाही टोला, थाना हरसिद्धि के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह गिरफ्तारी हरसिद्धि थाना कांड संख्या 698/25, दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के तहत की गई है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के साथ दहेज हत्या अधिनियम की धाराएँ 3/4 लागू हैं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया, "अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त




सूचना के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जिसमें उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही, अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## आईसीपी रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान, 60 वाहनों की हुई जांच

**बीएनएम @ रक्सौल/बीरगंज**

**रक्सौल/बीरगंज।** सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस पर्सा द्वारा बीरगंज के आईसीपी रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सोमवार शाम 4 बजे से 5 बजे तक चले इस अभियान में संयुक्त टीम ने सघन जांच की। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक प्रहरी कार्यालय पर्सा के प्रमुख युवराज कटवाल और जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा के प्रहरी निरीक्षक अमृत बहादुर बस्नेत ने किया। टीम ने आईसीपी रोड से गुजरने वाले मालवाहक समेत अन्य वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान ब्लूबुक,



ड्राइविंग लाइसेंस, भंसार (कस्टम) कागजात, वाहन दर्ता प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान कुल 60 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 12 तेल टैंकर, 35 भारतीय हेवी ट्रक, 2 नेपाली ट्रक, 4 गैस बुलेट और 7 टाटा मो वाहन शामिल थे। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान किसी भी वाहन में संदिग्ध वस्तु या कागजात से जुड़ी गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई। प्रहरी निरीक्षक अमृत बहादुर बस्नेत ने बताया कि सीमावर्ती नाकों से अवैध वाहन संचालन, मादक पदार्थ तस्करी, हथियारों की आवाजाही और गैरकानूनी सामान की ढुलाई रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे विशेष चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में भाजपा की ही जीत होगी : विजय चौधरी

**बंगाल की जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है**



**बीएनएम @ पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वहां कोई भी नेता प्रचार कर ले, लेकिन जीत अंततः भाजपा की ही होगी। यह बयान उन्होंने उस सवाल के जवाब में दिया, जिसमें तेजस्वी यादव द्वारा ममता बनर्जी के साथ चुनाव प्रचार करने पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि बंगाल की जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है। ऐसे में किसी भी नेता के साथ प्रचार करने से चुनाव परिणाम पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

**बुलडोजर एक्शन का किया समर्थन–** बिहार में चल रहे बुलडोजर अभियान पर उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खुद अपने घर की अवैध सीढ़ियां तुड़वाकर उदाहरण पेश किया है। इससे साफ संदेश जाता है कि कानून सबके लिए बराबर है।

**चिराग पासवान की बात से सहमति–** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के उस बयान पर भी उन्होंने सहमति जताई, जिसमें गरीबों को बेघर करने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही गई थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि यह सरकार की नीति का हिस्सा है।

**दिल्ली गोलीकांड पर नहीं दिया जवाब–** जब उनसे दिल्ली में बिहारी युवक पांडव कुमार की हत्या को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस चुप्पी को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

**राजद का हमला–** इस घटना पर आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बिहारियों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं है। कुल मिलाकर, एक तरफ बंगाल चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज है, तो दूसरी ओर दिल्ली में हुई घटना को लेकर चुप्पी और आरोप-प्रत्यारोप ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है।

### नेपाल के नए 'भंसार टैक्स' ने छीनी बाजारों की रौनक

» सीतामढ़ी की सीमावर्ती बॉर्डर व्यापार पर दिख रहा असर
» टैक्स व्यवस्था सख्त होने से लोगों की परेशानी बढ़ी



**बीएनएम @ सीतामढ़ीः** भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल सरकार के नए भंसार टैक्स का असर अब साफ नजर आने लगा है। सीमावर्ती बाजारों की रौनक फीकी पड़ रही है और छोटे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। पहले लोग आसानी से छोटे-मोटे सामान लेकर सीमा पार आते-जाते थे, लेकिन अब टैक्स व्यवस्था सख्त होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले दोनों देशों के लोग रोजमर्रा के सामान, कपड़े, किराना और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी के लिए आते-जाते थे। इससे बाजारों में अच्छी चहल-पहल रहती थी। लेकिन नए टैक्स नियम लागू होने के बाद ग्राहकों की संख्या में कमी आई है। व्यापारियों का कहना है कि बिक्री लगातार घट रही है और कारोबार प्रभावित हो रहा है। सीमा क्षेत्र के छोटे दुकानदारों के लिए यह बदलाव बड़ी परेशानी बन गया है। उनका कहना है कि छोटे स्तर के व्यापार से ही घर-परिवार चलता था, लेकिन अब ग्राहकों की कमी से आय पर असर पड़ा है। कई दुकानदारों ने बताया कि पहले प्रतिस्पर्धा के कारण सामान सस्ते दाम पर मिलता था, लेकिन अब कीमतें बढ़ने की आशंका भी बढ़ गई है। भारत और नेपाल के बीच वर्षों पुराने सामाजिक और पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में विवाह, रिश्तेदारी और सांस्कृतिक मेलजोल आम बात है। लेकिन सीमा पर बढ़ती सख्ती और जांच प्रक्रिया से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो 'बेटी-रोटी' जैसे पारंपरिक रिश्तों पर भी असर पड़ सकता है। सीमावर्ती क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि दोनों देशों की सरकारें ऐसा समाधान निकालें जिससे सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रहे और आम नागरिकों, व्यापारियों तथा सामाजिक रिश्तों पर अनावश्यक बोझ भी न पड़े। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही स्थिति सामान्य होगी।

### बिजली समस्याओं के शीघ्र निपटारा का लिया जायजा



**बीएनएम @ गयाजी।** बोधगया क्षेत्र में विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मगध यूनिवर्सिटी, विद्युत शक्ति उपकेंद्र में अवस्थित विद्युत फ्यूसकॉल सेंटर जिसका दूरभाष संख्या 9262595908 है उसमें आए शिकायतों का निरीक्षण किया गया और उपभोक्ताओं से कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई साथ वहां मौजूद कर्मियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों को ससमय अंकित करने ,सभी का फोन उठाने और संबंधित कर्मियों से उसका समाधान कम से कम समय में करवाने हेतु निर्देशित किया गया ।साथ ही वर्तमान समय में सभी फ्यूसकॉल सेंटर को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया ।अतः सभी फ्यूसकॉल के नंबर पर उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत व्हाट्सएप के माध्यम से भी दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है । भीषड़ गर्मी में सभी को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने के लिए पूरी टीम को 24X 7 एलर्ट रहते हुए पुर्ण संवदेनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया ।उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु गया शहरी अंतर्गत कुल 5 स्थानों पर फ्यूसकॉल सेंटर मौजूद है जिनका विवरण नीचे दिया है ।उक्त सभी सेंटर पर 24X7 तीनों पालियों में कर्मी सभी विद्युत संबंधी शिकायतों को लेने और उनका निस्तारण संबंधित मिस्त्री या कर्मी से कराने हेतु उपलब्ध हैं। अतः सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि किसी परिस्थिति में यदि किसी फ्यूसकॉल सेंटर का no व्यस्त बताता है तो वह अपना शिकायत व्हाट्सएप कर दे ।उसका भी निस्तारण ससमय कराया जाएगा ।

### सोलर लोन मेला आज

**बीएनएम @ गयाजी।** विद्युत विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के तहत सोलर लोन मिला का आयोजन, चंदौती स्थित विद्युत कार्यालय में किया जा रहा है । उक्त सोलर मेला में सभी बैंकों के प्रतिनिधि अपना अपना स्टाल लगाएंगे साथ ही सभी सोलर वेंडर और विद्युत विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे । इस सोलर मेला में सभी पूर्व से आवेदित सोलर उपभोक्ताओं का निरस्त लोन को बैंक के द्वारा पुनः स्वीकृत करने और नए उपभोक्ताओं को सोलर आवेदन करवा कर लोन हेतु सारी सुविधा एक स्थान पर प्रदान करने के साथ साथ पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी । गया जिले के सभी क्षेत्रों गया, टेकारी, कोंच, शेरघाटी, मानपुर, बोधगया, बाराचट्टी इत्यादि से उपभोक्ता अपना सोलर लगाने हेतु उक्त सोलर लोन मेले में अवश्य उक्त सोलर लोन मेले का आयोजन डीएम गयाजी के निर्देशानुसार नवीकरणीय ऊर्जा और सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप किया जा रहा हुआ। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से विनम्र निवेदन है कि उक्त मेले में भाग अवश्य ले और गया जिले के लिए इसको सफल बनाने में अपनी भागीदारी दे ।

# राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में पूर्वी चम्पारण के शिक्षक प्रदीप कुमार सम्मानित

बीएनएम @ पटना/मोतिहारी



**पटना/मोतिहारी।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार) द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्वी चम्पारण के शिक्षक प्रदीप कुमार ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण पटना में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित फोकल शिक्षक (रिसोर्स पर्सन) शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, पूर्वी चम्पारण से प्रदीप कुमार का चयन जिला प्रशासन की अनुशंसा पर किया गया था। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, बंजरिया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहयोगी शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें जो भी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, उन्हें वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में आपदा के समय सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम से विद्यालयों में आपदा प्रबंधन को लेकर बेहतर तैयारी और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# परेशानी : सीतामढ़ी में पेट्रोल संकट गहराया

**प्रशासन के 'पर्याप्त तेल' के दावे साबित हो रहे खोखले**

बीएनएम @ सीतामढ़ी



**सीतामढ़ी :–** सीतामढ़ी जिले में पेट्रोलियम की आपूर्ति को लेकर बड़ा संकट सामने आ रहा है। प्रशासन द्वारा बार-बार तेल पर्याप्त होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। शहर के कई बड़े पेट्रोल पंपों पर 'नो पेट्रोल' का बोर्ड लटका हुआ है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल की कमी के कारण कई पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग घंटों इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक सुबह से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन सप्लाई नहीं होने के कारण निराशा बढ़ती जा रही है। इस संकट का असर रोजमर्रा की जिंदगी पर भी दिखने लगा है। नौकरीपेशा लोग, छात्र, व्यापारी और मरीजों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। कई लोग वैकल्पिक साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन के दावों और जमीनी स्थिति में अंतर को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि जिले में पेट्रोल आपूर्ति कब तक सामान्य हो पाती है।

# अवैध पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर प्रशासन का डंडा, अरेराज में तीन केंद्र सील

बीएनएम @ अरेराज




**अरेराज।** अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को शहर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) अंजलि शर्मा के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों और एक पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आदित्य नारायण दीक्षित ने किया। उनके साथ कार्यपालक दंडाधिकारी आलोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राहुल पाठक और स्वास्थ्य प्रबंधक कुंदन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक निरीक्षण करते हुए श्रीराम अल्ट्रासाउंड, आशीष अल्ट्रासाउंड और राज जांच घर पर कार्रवाई की। जांच के दौरान इन केंद्रों में आवश्यक कागजातों की कमी और नियमों की अनदेखी पाई गई, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से तीनों संस्थानों को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि इन केंद्रों के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह सख्त कदम उठाया गया। बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने स्पष्ट किया कि अवैध स्वास्थ्य संस्थानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य निजी क्लिनिक और जांच केंद्र संचालकों में हड़कंप का माहौल है।

# एलपीजी की कमी पर सरकार का बड़ा फैसला, अब पीडीएस दुकानों से मिलेगा कुकिंग कोयला

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया।** शादी-विवाह के मौसम में एलपीजी की कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आच्छादित लाभुकों को लक्षित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों के माध्यम से कुकिंग कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत यह निर्णय लिया गया है। एलपीजी की अस्थायी कमी को देखते हुए खाना बनाने के वैकल्पिक साधन के रूप में कुकिंग कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पात्र लाभुक परिवार को प्रतिमाह 100 किलोग्राम (एक क्विंटल) कुकिंग कोयला देने की व्यवस्था की गई है। इसका वितरण पीडीएस दुकानों के माध्यम से ई-पॉस मशीन द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद किया जाएगा। वितरण के पश्चात उपभोक्ताओं को पर्ची भी दी जाएगी, जिसमें मात्रा और मूल्य अंकित रहेगा। प्रशासन ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 26,050 घरेलू और 1,182 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। पिछले 24 घंटों में 6,976 सिलेंडरों की होम डिलीवरी भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि गैस वितरण से जुड़ी 10 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन्हें संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भेज दिया गया है। उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002 और 06254-247003 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डिजिटल इंडिया की आड़ में घूसखोरी! मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर 9,000 की वसूली का आरोप

बीएनएम @ पताही@ श्रीनिवास कुमार




**पताही।** प्रखंड के नारायणपुर पंचायत से भ्रष्टाचार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 'डिजिटल इंडिया' की आड़ में घूसखोरी का गंभीर आरोप लगा है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर पंचायत सचिव पर 9,000 की अवैध वसूली का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-10 निवासी सुजीत कुमार ने आरोप लगाया है कि अपनी दादी के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पंचायत सचिव बबलू कुमार ने उनसे 9,000 की मांग की। मजबूरी में उन्हें यह राशि फोनपे (PhonePe) के माध्यम से भेजनी पड़ी। इस मामले में खास बात यह है कि डिजिटल भुगतान की रसीद साक्ष्य के रूप में सामने आई है, जिससे आरोप और गंभीर हो गया है। सुजीत कुमार ने इस संबंध में लोक शिकायत निवारण कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। 16 अप्रैल को हुई सुनवाई में परिवादी सुजीत कुमार उपस्थित रहे, जबकि आरोपी पंचायत सचिव बबलू कुमार हड़ताल का हवाला देकर अनुपस्थित रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यालय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के प्रतिनिधि को त्वरित जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। बताया गया है कि इस मामले की अगली सुनवाई पकड़ीदयाल अनुमंडल कार्यालय में 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे निर्धारित की गई है। फिलहाल पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

# सड़क हादसे में युवक की घटनास्थल पर मौत



बीएनएम @ फतुहा

**फतुहा :** फतुहा थाना से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां फोरलेन सुकुलपुरएक के पास सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि वाइक पर सवार मृतक की मां गंभीर रूप से घायल हो गई ।जिसे उचित इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेजा गया। बताते चलें कि यह घटना फतुहा सुकुलपुर स्थित छपाक वाटर पार्क के पास मेट्रो यार्ड के ठीक सामने मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार,एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार प्रेम कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नागरनौसा थाना क्षेत्र के उसवानपुर निवासी पंकज वर्मा के18 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रेम कुमार की मां विजया लक्ष्मी,जो पीएमसीएच में नर्स के पद पर कार्यरत हैं, नाइट ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने बेटे प्रेम कुमार के साथ बाइक से अपने घर नगरनौसा लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे में विजया लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें फतुहा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेज दिया।

# 'बिहारी होना' ही लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा : तेजस्वी

बीएनएम @ पटना

» तेजस्वी ने केन्द्र और राज्य सरकारों पर साथा निशाना



**पटनाः** नई दिल्ली में हुए चर्चित दिल्ली फारिंग केस ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। खगड़िया निवासी 23 वर्षीय पांडव कुमार की गोली मारकर हत्या के बाद मामला कानून-व्यवस्था से आगे बढ़कर पहचान और सुरक्षा के सवालों तक पहुंच गया है। इस घटना पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा माहौल में "बिहारी होना" ही लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। उनका आरोप है कि युवक को उसकी पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है। घटना में पांडव कुमार के साथ मौजूद उसका दोस्त कृष्ण भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस बीच पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। जिस एजेंसी पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी पर लापरवाही और पक्षपात के आरोप लगाए जा रहे हैं। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि जिस इलाके में यह वारदात हुई, वहां से लेकर केंद्र तक अधिकतर जिम्मेदार पदों पर एक ही राजनीतिक दल का नियंत्रण है। इसके बावजूद ऐसी घटना होना सरकार की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवासी मजदूरों, खासकर बिहार के लोगों के साथ दूसरे राज्यों में भेदभाव की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे को व्यापक संदर्भ में उठाते हुए कहा कि बिहार से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए बाहर जाते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकारों की जिम्मेदारी है। इस घटना को उसी बड़ी समस्या की एक कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इधर, पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग तेज हो गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, कथित रूप से शामिल पुलिसकर्मी पर कार्रवाई और परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग उठ रही है। मामला अब सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि प्रवासी पहचान, सुरक्षा और व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

# पुपरी में बढ़ते सड़क हादसों से लोगों में दहशत

» 24 घंटे के भीतर 3 मौतों से भय का माहौल
» प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी

बीएनएम @ पुपरी



**पुपरी।** सीतामढ़ी जिले के पुपरी में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं अब आम लोगों के लिए चिंता और भय का कारण बन चुकी हैं। आए दिन किसी न किसी हादसे में लोगों की जान जा रही है और कई परिवार उजड़ रहे हैं। हालिया घटनाओं में तीन लोगों की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इसके बाद स्थानीय लोगों में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ने लगी है। सोमवार देर रात पुपरी में हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। हादसा इतना भयानक था कि एक युवक पंकज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक पंकज कुमार के पिता विश्वनाथ पासवान पुपरी में चौकीदार के पद पर कार्यरत बताए जाते हैं। दूसरे मृतक की पहचान नागेंद्र पासवान के दामाद के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एक अन्य घायल युवक का इलाज जारी है। इधर गुजरात के राजकोट में सड़क हादसे में पुपरी के निहसा गांव निवासी रितेश सहनी (18 वर्ष) की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। रितेश, उपेंद्र सहनी के पुत्र थे। परिवार खेती और मजदूरी पर निर्भर है। बड़े भाई लालू सहनी पहले से दिव्यांग हैं। ऐसे में परिवार का सहारा केवल रितेश था, जिसकी असमय मौत ने परिजनों को तोड़कर रख दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुपरी में अनियंत्रित रूप से दौड़ रहे ट्रैक्टर, हाइवा और पिकअप वाहन हादसों की सबसे बड़ी वजह बन चुके हैं। कई चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे राहगीरों और छोटे वाहन चालकों की जान हर समय जोखिम में रहती है। घनी आबादी वाले मोहल्लों, बाजार, स्कूलों और चौक-चौराहों पर भी भारी वाहनों की तेज आवाजाही लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। लोगों का कहना है कि सड़क पर निकलना अब डर के साथ सफर करने जैसा हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पुपरी के सभी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर,चेतावनी बोर्ड और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था तत्काल लागू की जाए।

## उलझते जाने के ही संकेत

अमेरिका और इजराइल ने जो युद्ध शुरू किया, उसके और उलझते जाने के ही संकेत हैं। इससे फिर यह जाहिर हो है कि युद्ध शुरू करना भले आसान हो, लेकिन उससे निकलना हमलावर देश के भी हाथ में नहीं रह जाता। डॉनल्ड ट्रंप ईरान के लिए अश्लील गाली-गलौच की हद तक उतर आए हैं। ऐसी धमकियां तो वे पहले से दे रहे हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय संधियों और नियमों के तहत युद्ध अपराध माना जाएगा। बहरहाल, रविवार को ईरान को नेस्तनाबूद करने की धमकी देने के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने ये कथित राज़ भी खोला कि ईरान से अच्छी बातचीत हुई है, जिससे युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। मगर ऐसे बयान इतनी बार दोहराए गए हैं कि उनसे अमेरिका के शेयर बाजारों का भी भरोसा टूटने लगा है, जिन्हें संभाले रखने की कोशिश में ट्रंप का अंदाज बेहद गरमाने के बाद उतनी ही तेजी से ठंडा हो जाता है। इस बीच अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर जो युद्ध शुरू किया, उसके और उलझते जाने के ही संकेत हैं। इससे फिर ये बात जाहिर हुई है कि युद्ध शुरू करना भले आसान हो, लेकिन उससे निकलना हमलावर देश के भी हाथ में नहीं रह जाता। युद्ध का अपना गतिशास्त्र होता है और उसने मौजूदा लड़ाई को अपने तर्कजाल में फंसा लिया है। इस दौरान ईरान में बड़े पैमाने पर बर्बादियां हुई हैं, मगर अमेरिका को हुए नुकसान को देखकर दुनिया चकित है। ईरान के इस्फहान इलाके में मार गिराए गए एफ-16 विमान के पायलट को बचाने की कोशिश में अमेरिका को अनेक विमान और हेलीकॉप्टरों का नुकसान झेलना पड़ा।

उससे संकेत मिला कि ईरान पर जमीनी हमला करना कितना जोखिम भरा होगा। जबकि ऐसे हमले के बिना ईरान को परास्त करना हर रोज अधिक कठिन नज़र आने लगा है। इस बीच अमेरिकी मीडिया में अमेरिका को हो रहे सैन्य एवं आर्थिक नुकसानों की खबरें सुर्खियों में हैं। युद्ध शुरू करने के पीछे ट्रंप परिवार और उनके मंत्रियों के निहित स्वार्थ की चर्चाएं भी खुलकर हो रही हैं। नतीजा है देश के अंदर इस युद्ध का लगातार अधिक अलोकप्रिय होते जाना। इसके दबाव में ट्रंप युद्ध से निकलने का ऐसा तरीका चाहते हैं, जिसे वे अपनी जीत बता सकें। मगर ईरान का नेतृत्व उन्हें ऐसा रास्ता मुहैया कराने को तैयार नहीं है। इससे व्यग्र हुए ट्रंप ने भाषा की शालीनता भी छोड़ दी है।

# अमेरिका और ईरान अस्थायी युद्ध विराम के दौरान नाजुक संतुलन

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

दुनियाँ एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां हर कदम, हर निर्णय, और हर प्रतिक्रिया वैश्विक शांति और स्थिरता को प्रभावित कर सकती है। अमेरिकी तीन शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एक साथ मिडिल ईस्ट में तैनात दिखाई देना सामान्य सैन्य गतिविधि नहीं,क्या यह केवल शक्ति प्रदर्शन या वास्तव में युद्ध की तैयारी? वैश्विक स्तरपर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नई कहानी नहीं है,बल्कि यह दशकों से विकसित होता एक जटिल भू-राजनीतिक समीकरण है, जो आज 2026 में एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है। जब यूएसएस जॉर्ज एच.डब्लू. बुश,यूएसएस अब्राहम लिनकोलन और यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जैसे तीन शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एक साथ मिडिल ईस्ट में तैनात दिखाई देते हैं, तो यह केवल एक सामान्य सैन्य गतिविधि नहीं मानीजा सकती। यह एक ऐसा संकेत है जोअंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या यह केवल शक्ति प्रदर्शन (शो ऑफ़ फ़ोर्स) है या वास्तव में युद्ध की तैयारी का पूर्वाभास। इस पूरे परिदृश्य को समझने के लिए हमें केवल सैन्यगतिविधियों पर ही नहीं, बल्कि इसके पीछे छिपे राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक कारकों पर भी गहराई से नजर डालनी होगी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि सबसे पहले यदि हम वर्तमान सैन्य स्थिति को देखें, तो तीनों अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप्स की संयुक्त मौजूदगी अपने आप में एक असाधारण घटना है। आमतौर पर अमेरिका किसी एक क्षेत्र में एक या दो कैरियर तैनात करता है, लेकिन तीन कैरियर का एक साथ होना यह दर्शाता है कि वॉशिंगटन इस क्षेत्र कोअत्यधिक संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मान रहा है। प्रत्येक कैरियर अपने साथ फाइटर जेट्स,मिसाइल सिस्टम, डेस्ट्रॉयर और सबमरीन का पूरा नेटवर्क लेकर चलता है, जिससे यह एक चलते-फिरते सैन्य बेस की तरह काम करता है। इस तरह की तैनाती का सीधा संदेश ईरान को है कि यदि वह किसी भी प्रकार की आक्रामक कार्रवाई करता है, तो उसे तत्काल और व्यापक जवाब का सामना करना पड़ेगा।

साथियों बात अगर हमअमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंधों को समझने की करें तो हाल ही में लागू अस्थायी युद्ध विराम की स्थिति वैश्विक राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। 8 अप्रैल 2026 से लागू यह 14-दिन का विराम, जो अमेरिका और ईरान के बीच सीधे सैन्य टकराव को रोकने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था,अब 27अप्रैल 2026 तक एक नाजुक दौर में प्रवेश कर चुका है। इस विराम के पीछे की कूटनीतिक प्रक्रिया अत्यंत जटिल और संवेदनशील रही है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका और ईरान दोनों ने इस विराम का पालन करने की प्राथमिकता जताई है, लेकिन साथ ही दोनों ही पक्ष अपने-अपने रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए कड़े रुख पर बने हुए हैं। विशेषकर हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के संकट और अमेरिकी नौसेना द्वारा ईरानी जहाज टोस्का की जब्ती जैसी घटनाओं ने दोनों देशों के बीच भरोसे को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है। ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए अमेरिका पर आरोप लगाया है, जबकि अमेरिका इसे हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में वैश्विक तेल परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

पाकिस्तान की मध्यस्थता में चल रही शांति वार्ता भी फिलहाल गतिरोध में है।इस्लामाबाद में आयोजित होने वाली वार्ता में ईरान ने अमेरिका की हालिया कार्रवाइयों को अस्वीकार्य बताते हुए अंतिम निर्णय पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया है। इस असमंजसपूर्ण स्थिति में, वार्ता न केवल स्थगित हुई है बल्कि इसका भविष्य भी अनिश्चित है। ईरान का तर्क है कि यदि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में नाकाबंदी और अमेरिकी जहाजों की जब्ती जैसी घटनाओं को समाधान नहीं मिलता,तो कोई दीर्घकालिक समझौता संभव नहीं है। वहीं, अमेरिका ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि वे इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बनाए रखने और जल मार्ग को सुरक्षित करने के लिए कोई समझौता छोड़ने के मूड में नहीं हैं। साथियों बात अगर हमअमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अभी बयान की करें तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि वे ईरान के साथ समझौते के बेहद करीब हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अस्थायी युद्ध विराम का उल्लंघन किया या अमेरिकी हितों पर हमला किया, तो अमेरिका कट्टर सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। इस प्रकार, अमेरिका का दृष्टिकोण इस क्षेत्र में रणनीतिक दबाव बनाए रखने और ईरान को समझौते के लिए बाध्य करने का रहा है।हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य का संकट, जो विश्व तेल बाजार के लिए संवेदनशील है, वर्तमान तनाव का सबसे महत्वपूर्ण कारक बना हुआ है। ईरान की नाकाबंदी ने वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका ने इस जलडमरूमध्य को खोलने के लिए न केवल कूटनीतिक दबाव बढ़ाया है, बल्कि युद्ध विकल्पों पर भी अपनी तैयारी दिखाई है। इस बीच ईरान ने स्पष्ट किया है कि अगर अमेरिकी हमला हुआ, तो वे मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएंगे। यह स्थिति पूरी तरह से अस्थायी युद्ध विराम की स्थिरता को चुनौती दे रही है। इस तरह का तनाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है। तेल की बढ़ती कीमतें, व्यापार में व्यवधान और क्षेत्रीय सैन्य तनाव, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर रहे हैं। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में रूस की भूमिका इस संकट में नई गहराई जोड़ रही है इसको समझने की करें तो, ईरान के विदेश मंत्री रूस के राष्ट्रपति से मुलाकात करने रूस जा रहे हैं, ताकि मिडिल ईस्ट के हालात और हॉर्मुज़ की नाकाबंदी पर चर्चा की जा सके। यह कदम न केवल ईरान की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत है कि ईरान अमेरिका के एकतरफा दबाव को अस्वीकार करते हुए बहुपक्षीय दृष्टिकोण अपनाना चाहता है। रूस की मध्यस्थता संभावित रूप से अस्थायी युद्ध विराम को स्थिर करने और दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर वापस लाने में मदद कर सकती है। इसके अलावा, इस कदम से यह भी साफ़ होता है कि ईरान वैश्विक शक्ति संतुलन के दृष्टिकोण से अपने विकल्पों का विस्तार करना चाहता है, ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम हो और मध्यस्थ देशों के माध्यम से सटीक रूप से दबाव संतुलित किया जा सके। साथियों हालांकि, स्थिति अत्यंत नाजुक है। 27 अप्रैल 2026 की स्थिति के अनुसार, अस्थायी युद्ध विराम टूटने की कगार पर है। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में नाकाबंदी, जहाजों की जब्ती और अमेरिका की सैन्य दबाव नीति ने दोनों देशों के बीच अविश्वास को और गहरा कर दिया है।पाकिस्तान की मध्यस्थता और रूसी कूटनीतिक प्रयास फिलहाल गतिरोध में हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस तनावपूर्ण दौर में किसी भी पक्ष की जल्दबाजी एक व्यापक सैन्य संघर्ष की चिंगारी पैदा कर सकती है। अमेरिका और ईरान दोनों ही अपने रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए सख्त रुख पर बने हुए हैं, जिससे वार्ता में किसी भी प्रकार के तत्काल समाधान की संभावना कम दिख रही है। इस तनाव का प्रभाव न केवल क्षेत्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

साथियों अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक मानते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वर्तमान युद्ध विराम का भविष्य पूरी तरह अनिश्चित है। अगर ईरान और अमेरिका के बीच कूटनीतिक समाधान नहीं निकला,तो हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में सैन्य संघर्ष और तेल आपूर्ति में व्यवधान, विश्व बाजार में अप्रत्याशित अस्थिरता ला सकते हैं। दूसरी ओर,अगर रूस और पाकिस्तान जैसे मध्यस्थ देश वार्ता में सक्रिय भूमिका निभा पाए, तो युद्ध विराम को स्थिर किया जा सकता है और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। इस तरह, अमेरिका और ईरान का अस्थायी युद्ध विराम एक नाजुक संतुलन पर टिका हुआ है, जो किसी भी समय बदल सकता है, और इसकी सफलता पूरी तरह से दोनों पक्षों के कूटनीतिक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय दबाव और क्षेत्रीय सैन्य रणनीति पर निर्भर करती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पुरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि, अमेरिका और ईरान के बीच वर्तमान तनाव और अस्थायी युद्ध विराम, वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है। यह दिखाता है कि मध्यपूर्व में सैन्य और कूटनीतिक संतुलन बेहद संवेदनशील है, और किसी भी छोटे कदम या गलती से बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटनाओं कीश्रृंखला शुरू हो सकती है। 27 अप्रैल 2026 तक का यह चरण न केवल अमेरिका और ईरान के द्विपक्षीय संबंधों का परिक्षण है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी यह एक चुनौती है कि वह मध्यस्थता, कूटनीति और दबाव की संतुलित रणनीति अपनाए, ताकि मिडिल ईस्ट में स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

# हिल्टन होटल में गोलीबारी-निंदनीय और अफसोसजनकः शांति, सौहार्द और संवाद की टेबल पर वार्ता से ही सबकुछ संभव!

**सुनील कुमार महला**

शनिवार 25 अप्रैल 2026 को अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदगी में हिल्टन होटल में आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति द्वारा की गई गोलीबारी वास्तव में बहुत चिंता का विषय है।कितनी बड़ी बात है कि हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया निवासी कोल टॉमस एलन (31) के रूप में हुई है और वह पेशे से शिक्षक है तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग व कंप्यूटर साइंस का छात्र होने के साथ ही नासा से जुड़ा हुआ भी रह चुका है। हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। वह हिल्टन होटल में पहले से रुका हुआ था।एक शिक्षक द्वारा गोलीबारी सबको विस्मित करता है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि वास्तव में यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधे हमले का इरादा था या विरोध जताने की आपराधिक कोशिश ? जानकारी के अनुसार हमलावर ने 5-7 गोलियां चलाईं थीं और इसमें एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार जिस वक्त गोलियां चलीं, उस समय वहां अमेरिकी राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, रक्षा और विदेश मंत्री सहित अनेक संवाददाता भी मौजूद थे। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर हमलावर की तस्वीरें खुद जारी की हैं। उन्होंने बताया है कि संदिग्ध कैलिफोर्निया का रहने वाला है और घटना के समय उसके पास कई हथियार थे। हमलावर के पास अनेक हथियारों का होना तो और भी चिंता की बात है।

वास्तव में किसी भी लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता है और यह हमला बहुत ही निंदनीय और अफसोसजनक है।इस गोलीबारी की घटना से कहीं न कहीं अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की साख पर भी सवाल खड़े होते हैं, क्यों कि दुनिया के सबसे पावरफुल कहे जाने वाले देश के सबसे वीवीआईपी लोगों के रात्रिकालीन भोज में एक बंदूकधारी आखिर कैसे प्रवेश कर गया ? वास्तव में यह अमेरिकी सुरक्षा व जांच एजेंसियों के लिए गहन जांच का विषय होगा कि इस हमले के पीछे केवल वैचारिक विरोध है, कोई जेहादी मानसिकता या किसी दुश्मन देश की साजिश या ड्रग माफिया की कारस्तानी ? पाठक जानते होंगे कि अमेरिका में सुरक्षा व्यवस्था दुनिया की सबसे मजबूत और बहुस्तरीय प्रणालियों में से एक है। उल्लेखनीय है कि सीक्रेट सर्विस एजेंट्स राष्ट्रपति के साथ-साथ उनके परिवार, उपराष्ट्रपति और हाई-प्रोफाइल नेताओं की सुरक्षा करते हैं और यह सुरक्षा देश और विदेश दोनों जगह रहती है। इतना ही नहीं,सीआइए और एफबीआई के साथ-साथ एनएसए भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम करती हैं, जिसे सबसे बड़ा गुप्तचर संगठन माना जाता है। अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देश में राष्ट्रपति और अन्य वीआईपी के लिए बेहद कड़े सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं, बावजूद इसके ऐसी कोताही बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है। हाल फिलहाल, यहां यह बात भी गौर करने की है कि ईरान पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा और खुफिया कार्यों में लगे अनेक अधिकारियों को पद से हटाया है। अतः यहां यक्ष प्रश्न यह भी उठता है कि क्या उनकी नई रक्षा टीम पर्याप्त सशक्त, सक्रिय और सचेत नहीं है? लेकिन इस हमले के बाद इतना तो तय है कि सुरक्षा व्यवस्था अब और अधिक बेहतर तथा चाक-चौबंद कर दी जाएगी।हालांकि, यह कोई पहली घटना नहीं है कि ट्रंप पर हमला हुआ हो। यह तीसरी बार है डोनल्ड ट्रंप को निशाना बनाया गया हो। पाठकों को बताता चलूं कि मार्च 2016 लास वेगस में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार को दौरान एक रैली में सुरक्षा में बड़ी चूक के कारण एक व्यक्ति ने मंच के पास पहुंचकर ट्रंप की ओर से पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने की कोशिश की थी। हालांकि , सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया था और पूछताछ में उसने ट्रंप को नुकसान पहुंचाने की मंशा को स्वीकार किया। इसी प्रकार से जुलाई 2024 पेन्सिलवेनिया में ट्रंप पर चुनावी करियर का सबसे खतरनाक हमला हुआ था। इस हमले में हमलावर ने रैली के दौरान छत से ट्रंप को निशाना बनाकर गोली चलाई।उस समय गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्सो को छूकर निकल गई थी। इस हमले में एक दर्शक की मौत हुई और कई घायल हुए। हालांकि,सुरक्षाबलों ने हमलावर को मौके पर ही मार गिराया था।

बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पिछले कुछ समय से दुनियाभर में ट्रंप की नीतियों के आलोचकों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। पिछले कुछ समय से ट्रंप के कुछ समर्थक भी उनका विरोध या असंतोष जताने लगे हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति को यह चाहिए कि वे अपनी रणनीतियों के साथ ही साथ देश-विदेशों में अपने प्रति लगातार बढ़ रही नाराजगी, असंतोष, विरोध आदि के बारे में पूरी ईमानदारी से विचार करें। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों से पूरी दुनिया में समस्याएं कहीं न कहीं बढ़ीं ही हैं। पूरी दुनिया में गैस-तेल संकट, खाद्यान्न संकट, पर्यावरणीय समस्याओं के साथ ही साथ, महंगाई व आर्थिक संकट बढ़े हैं और दुनिया ट्रंप के फैसलों और रणनीतियों से खुश नहीं है।सच तो यह है कि एक तरफ तो वे शांति के नोबेल की बात करते हैं और दूसरी तरफ युद्ध की। ईरान की सभ्यता मिटाने तक की बात उन्होंने कही, इससे समस्याओं का समाधान नहीं बल्कि, समस्याओं की बढ़ोत्तरी को जन्म हुआ है।सच तो यह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग़लत रणनीतियों तथा उनके गलत कदमों का खमियाजा आज दुनिया के ज्यादातर देश भुगत रहे हैं।

यह बात ठीक है कि सुरक्षा एक बड़ा व व्यापक विषय है,इसे संवेदनशीलता व गंभीरता से लिया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् है। हाल फिलहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिका अगर यह चाहता है कि उसकी समस्या को दुनिया अपनी भी समस्या माने, तो उसे भी यह साबित करना होगा कि वह दुनिया की समस्या को अपनी मानता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह समझना चाहिए कि युद्ध किसी भी समस्या का कभी भी स्थायी हल नहीं होता है। युद्ध से कोई भी देश बरसों पीछे की स्थिति में पहुंच जाता है और प्रहार मानवता पर ही होता है। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र से पूरी दुनिया यह अपेक्षा करती है कि युद्ध हर हाल में समाप्त हो तथा संवाद की मेज को तवज्जो दी जाए और मानवता की रक्षा की जाए। भलाई इसी में है। वास्तव में, शान्ति, संयम और सौहार्द से सभी समस्याओं का समाधान संभव हो सकता है।

(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में ही दिन व्यतीत हो जाएगा। कठिन से कठिन कार्य भी आप अपने दृढ़ निश्चय से पूरे करने करने में रहेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों के लिए खुशखबरी इंतजार कर रही हैं। आज विशेष निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार अवश्य करें।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। नए एग्रीमेंट होंगे और आपकी छवि और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी कर रहे लोग अपने प्रोजेक्ट को लेकर सावधान रहेंगे। दांपत्य रिश्ते सुखद रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सरकारी कार्यवाही चल रही है, तो उससे संबंधित समाधान मिलने की संभावना है। किसी खास मित्र से मुलाकात होगी और कई तरह की गतिविधियों पर सकारात्मक वार्तालाप भी होगा। अपने पक्ष को मजबूत करके रखें। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। समय बहुत ही अनुकूल है। आज खास कार्य भी हल होने वाला है। अपने बारे में ही सोचे और अपने लिए ही काम करें। आज पारिवारिक समस्या किसी अनुभवी व्यक्ति की मध्यस्थता से हल हो जाएगा और आपसी रिश्ते में पुनः मधुरता आएगी। आर्थिक कशमकश बनी रहेगी। परंतु खर्चों पर कटौती करना भी मुश्किल होगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। अपने कार्यों को व्यवस्थित रूप से करना और समन्वय बनाकर रखना आपको सफल बनाएगा। समाज में मान-सम्मान बना रहेगा। विद्यार्थियों का किसी विषय को लेकर चल रही समस्या दूर होगी। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा। अपने व्यवहार को लचीला बना कर रखें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और अधिक उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। परिस्थितियों को सुलझाने के लिए धैर्य और संयम से काम ले, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। आज आपको जिद्द करने से बचना चाहिए।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन ला रही है। एंजॉय करने के लिए परिवार के साथ घूमने का प्रोग्राम भी बन सकता है। आज पड़ोसियों के साथ व्यर्थ उलझने से बचे। ध्यान रखें कि दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करने से आपके ही मान-सम्मान में कमी आ सकती है। बेहतर होगा कि अपने काम से ही मतलब रखें।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को संपन्न करें। मन मुताबिक फल मिलने से मन में खुशी रहेगी और आय के साधन प्रबल होंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। बनते कार्यों में कुछ व्यवधान आ सकते हैं, जिस वजह से मन में गुस्सा व चिड़चिड़ापन महसूस होगा लेकिन शांत मन से काम करेंगे तो सब ठीक होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी संपर्क द्वारा महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होगा। जो कि आपके भविष्य के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। रुकी हुई पेमेंट्स आदि मिल जाने से आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होगी। विद्यार्थी वर्ग को किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में और अधिक मेहनत की जरूरत है। आज प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे। जिससे आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दिन सुखद व्यतीत होगा। किसी मित्र अथवा रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी और रिश्ते में मधुरता आएगी। घर की साफ-सफाई और अन्य कार्यों में भी आपकी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को विभागीय या नौकरी से संबंधित परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर चल रही समस्या हल हो जाएगी। आज अचानक कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे जिन पर कटौती करना संभव नहीं होगा। धैर्य और संयम से काम लेंगे तो सब सही रहेगा। लवमेटस के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे और आप अपने अंदर अद्भुत ऊर्जा महसूस करेंगे। युवा वर्ग अपने भविष्य संबंधी गतिविधियों को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे। आज उधार दिए हुए पैसे वापस मिलेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उसके बारे में पुनर्विचार अवश्य करें।

# कहो तो कह दूं-रायता समेटने के वक्त ट्रंप की माताजी सो गई थी....

**चैतन्य भट्ट**

किसी से भी पूछ लिया जाय कि सारी दुनिया पर कौन सा एक शख्स पनौती बना हुआ है तो निर्विवाद जवाब होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। खुद को पूरी दुनिया का थानेदार समझने वाले इस आदमी को पूरी दुनिया को हर रोज अलसेट का नया डोज दिए बिना नींद ही नहीं आती। दूसरे नेताओं की बेइज्जती करना, कटोरा फैलाकर शांति का नोबेल पुरस्कार मांगना, खुद को मसीहा बताना और दुनिया भर में रायता फैलाना इनकी अन्य महत्वपूर्ण हॉबी हैं। ऊल-जुलूल बातें कर कर के अपने खुद के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल को लाई अनसोशल बना कर रख दिया है। दुनिया भर में टैरिफ का आतंक फैलाने के खेल से शांति नहीं मिली तो ईरान से बेफिजूल युद्ध छेड़ दिया। कभी कहते हैं कि ईरान की न्यूक्लियर ताकत तबाह कर दी तो कभी कहते हैं ईरान की न्यूक्लियर ताकत दुनिया के लिए खतरा है। और दुनिया है कि हैरान परेशान है कि आखिर ये आदमी ऐसा क्यों है ? दरअसल जब अपन ने इनके बारे में खोज बीन की तो ये तथ्य सामने आया । कौरव और पांडवों के बीच चल रहे महाभारत में एक दृष्टांत है जब अर्जुन के बेटे अभिमन्यु की मौत चक्रव्यूह में फंस कर हो गई थी तब ये राज सामने आया था कि महायोद्धा अर्जुन अपनी पत्नी सुभद्रा को चक्रव्यूह भेदन की कथा सुना रहे थे। उस वक्त अभिमन्यु मां सुभद्रा के गर्भ में थे। चक्रव्यूह प्रवेश तक की कथा सुनते सुनते अचानक सुभद्रा की नींद लग गई और अभिमन्यु चक्रव्यूह में घुसने की कला तो सीख गए लेकिन सुभद्रा के नींद लग जाने की वजह से चक्रव्यूह से बाहर निकलने की कला सीखने से वंचित रह गए। इसी कथा की परिकल्पना ट्रंप के संदर्भ में कीजिए। डोनाल्ड ट्रंप जब अपनी मां मैरी ऐन ट्रम्प के गर्भ में थे जब उनके पिता फ्रेडरिक ट्रम्प अपनी पत्नी को रायता फैलाने और रायता समेटने की कथा सुना रहे थे। रायता फैलाने तक की कथा सुनते सुनते उनकी पत्नी को नींद आ गई इसलिए ट्रंप बाबू गर्भ में रायता फैलाने की प्रक्रिया तो सीख गए मगर समेटने की विधि अनजानी रह गई। ईरान युद्ध के चक्रव्यूह में यही कमी गले पड़ गई है सो न निगलते बन रहा है न उगलते। और करे कोई भरे कोई की तर्ज पर उनकी नौटंकी का खामियाजा सारी दुनिया भुगत रही है। यू टर्न तो आम बात : इंदौर के खराब ट्रैफिक को लेकर उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने एक टिप्पणी की कि आजकल यू टर्न लेने में डर लगता है कि कौन कब आकर टक्कर मार दे, हाई कोर्ट की टिप्पणी ट्रैफिक को लेकर रही होगी लेकिन आजकल राजनीति में यू टर्न लेना तो आम बात हो गई अब देखो ना राघव चड्ढा जो बीजेपी को पानी पी पीकर कोसते थे अरविंद केजरीवाल को अपना गुरु और पिता समान मानते थे उन्होंने ऐसा यू टर्न लिया की अरविंद केजरीवाल की भी आंखें फटी की फटी रह गई खुद तो यू टर्न लिया ही अपने साथ छह लोगों को और यू टर्न दिलवा दिया जिसमें एक क्रिकेट का भी खिलाड़ी है , वैसे उनको यू टर्न लेने का पुराना अनुभव है क्योंकि जब विकेट गिर जाता था तो उनको यू टर्न लेकर वापस गैलरी में जाना पड़ता था । जनता बेचारी करें तो करें क्या,? कितनी आशाओं के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनती है आम आदमी पार्टी के विधायकों ने भी कितनी आशाओं के साथ इन सबको राज्यसभा में भेजा था कि राज्यसभा में जाकर पार्टी के पक्ष में काम करेंगे और जनता के मुद्दों पर चर्चा करेंगे लेकिन उन्हें क्या पता था कि वे जिनको राज्यसभा में भेज रहे हैं वे कब अपनी कुर्सी से यू टर्न लेकर दूसरे दल की कुर्सी पर जा बैठेंगे। हाई कोर्ट की टिप्पणी भले ही ट्रैफिक को लेकर हो लेकिन उनकी यह टिप्पणी राजनीति पर ज्यादा माफिक बैठ रही है अपने को तो आज तक समझ में नहीं आया कि कल तक जिस पार्टी की बखिया उधेड़ते थे आज टीवी चैनल में बैठकर उसकी तारीफों के पुल अचानक कैसे बांधने लगते हैं कुछ तो अंतरात्मा भी बोलती होगी कि ये क्या कर रहे हो? लेकिन आजकल अंतरात्मा की आवाज सुनता कौन है ? मित्तल जी पर ईडी का छापा पड़ा तो वे समझ गए कि भैया अगर इससे बचना है तो कमल का साथ पकड़ लो और पकड़ भी लिया । सड़क पर यू टर्न लेने पर ज्यादा से ज्यादा भिड़ंत हो जाएगी लेकिन राजनीति के यू टर्न ने तो पूरी राजनीति के मायने ही बदल दिए । गोपाल जी का दर्द : कई बार के विधायक गोपाल भार्गव का दर्द बीच-बीच में इतना बढ़ जाता है कि वे कराहने लगते हैं कब से राह देख रहे हैं कि मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और उनको फिर मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाएगा लेकिन इंतजार, और इंतजार इसके अलावा उनके हिस्से में और कुछ नहीं आ रहा कभी-कभी बीच में पार्टी की लाइन से हटकर भी बयान दे देते हैं सोचते हैं शायद पार्टी उनके दर्द और आक्रोश को देखते हुए उन्हें कुछ ना कुछ दे देगी लेकिन पार्टी के पास इतने लोग हो गए हैं कि वो भी बेचारी किस-किस को एडजस्ट करे। हाल ही में गोपाल भार्गव जी ने एक बयान दे दिया कि जाति के सामने पार्टी कोई महत्व नहीं रखती इसका मतलब साफ है उन्होंने पार्टी के आला कमान को भी सीधा-सीधा संदेश दे दिया कि मेरे लिए मेरी जाति पहले है और पार्टी बाद में , जबकि आजकल तो पार्टी सबसे पहले होती है और उसके बाद दूसरी चीज, लेकिन गोपाल जी आखिर कब तक इंतजार करें इंतजार की भी कोई सीमा होती है और वो सीमा खत्म हो गई है बीच-बीच में निगम मंडलों में नियुक्तियां की चर्चा चलती है वे सोचते हैं चलो मंत्री ना सही निगम मंडल में ही कहीं कुछ जुगाड़ बन जाए लेकिन मंडल निगमों और विकास प्राधिकरणों की नियुक्ति भी बीरबल की खिचड़ी हो गई है पता नहीं कब इन में नियुक्ति होगी और भार्गव जी की किस्मत खुल जाएगी लेकिन ये कब खुलेगी ये कोई नहीं कह सकता।

सुपर हिट ऑफ द वीकः योग करने के बाद आपके पति की शराब पीने की आदतों में कुछ बदलाव आया क्या? योग गुरु ने श्रीमान जी की श्रीमती जी से पूछाः भारी बदलाव आया है अब वे सर के बल खड़े होकर भी एक बोतल डकार जाते हैं श्रीमती जी का उत्तर था।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# उबर कप फाइनल्स: भारत को चीन से 0-5 की करारी हार, टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डेनमार्क के हॉर्सेंस में खेले जा रहे उबर कप फाइनल्स में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का अभियान चीन के खिलाफ 0-5 की हार के साथ समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मजबूत स्थिति के बावजूद मैच गंवा दिया, जिससे भारत के लिए वापसी के रास्ते बंद हो गए।

भारतीय टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद यूक्रेन को 4-1 से हराकर उम्मीदें जगाई थीं। हालांकि, 16 बार की चैंपियन चीन के खिलाफ टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहले एकल मुकाबले में पीवी सिंधु ने दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी वांग झी यी के खिलाफ शानदार शुरुआत की। निर्णायक गेम में 18-12 की बढ़त लेने के बावजूद सिंधु मैच को अपने नाम नहीं कर सकीं और 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इस हार से चीन ने 1-0 की बढ़त बना ली। पहले युगल मुकाबले में प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी को विश्व नंबर-1 लियू शेंग शू और तान निंग के खिलाफ 11-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दूसरे एकल में इशारानी बरुआह ने टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई को कड़ी टक्कर दी, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर चूक के कारण 22-20, 21-13 से हार गईं, जिससे चीन ने 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दूसरे युगल में ट्रीसा जॉली और काविप्रिया सेल्वम ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन लुओ शू मिन और झांग शू शियान की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 21-12, 19-21 से हार गईं। तीसरे एकल में देविका सिहाग ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख सकीं और शू वेन जिंग के खिलाफ 21-19, 17-21, 10-21 से हार गईं। अब सभी की नजरें भारतीय पुरुष टीम पर होंगी, जो बुधवार को थॉमस कप में चीन से भिड़ेगी। भारत, जो 2022 का चैंपियन है, ने ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। भारत और चीन दोनों ग्रुप में शीर्ष स्थान पर हैं और बुधवार को होने वाला मुकाबला ग्रुप विजेता का फैसला करेगा।



## आईपीएल में पहले शतक के लिए विराट को करना पड़ा था आठ साल इंतजार

**एजेंसी, मुम्बई**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली आज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं पर उन्हें भी अपना पहला शतक बनाने के लिए 8 साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। विराट ने शुरुआत से अभी तक के सभी आईपीएल सत्र खेले हैं। इससे उनके नाम आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन, सबसे ज़्यादा अर्धशतक और शतक होने के साथ ही सबसे अधिक चौके भी हैं। इसके अलावा 300 से अधिक छक्के भी उनके नाम हैं हालांकि इसके बाद भी वह शुरुआती सत्रों में शतक नहीं लगा पाये थे। पहला शतक लगाने के बाद कोहली लगातार आगे बढ़ते गये हैं।

विराट अपनी को पावर हिटिंग की जगह पर पारंपरिक अंदाज में खेलने के लिए जाना जात है। उन्होंने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि टी20 प्रारुप में शतक लगाने के लिए केवल छक्कों की ही आवश्यकता नहीं, बल्कि क्रिकेट कौशल की जरुरत है। ऐसा नहीं था वहीं रन रन नहीं बना पा रहे थे। वह अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल दोनों स्तरों पर लगातार बड़ी पारियां खेल रहे थे पर उसे शतक में नहीं बदल पा रहे थे। उनका पहला शतक साल 2016 में आया। तब टीम का मुकाबला गुजरात लायंस से था।

उस मैच में हालांकि विराट के शतक के बाद भी आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इसी सत्र में उन्होंने 973 रन बनाकर सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। अब तक, विराट के नाम आईपीएल में 8 शतक हैं, जो लीग के इतिहास में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक हैं। वहीं उनके नाम 9,000 से अधिक रन हैं।



## ऋषभ की जगह पर मार्करम को कप्तानी दी जाये : वसीम जाफर

**एजेंसी, मुम्बई**

पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स के खराब प्रदर्शन को देखते हुए अब कप्तानी में बदलाव का समय आ गया है। जाफर ने कहा कि वैसे भी कप्तान ऋषभ पंत ब्रेक मांग रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह पर एडेन मार्करम को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप देनी चाहिये। जाफर के अनुसार लगातार हार के बाद अब सुपर जायंट्स ऐसे मोड़ पर आ गय है जहां एक और हार से वह बाहर हो जाएगी। अभी टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। उसकी हार का कारण रणनीति में कमजोरी भी रही है। ऋषभ वैसी कप्तानी नहीं कर पाये हैं जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। उनकी कप्तानी में टीम लगातार असफल हो रही है। निराशाजनक रही है। इसका कारण हर मैच में योजनाएं बदलती दिखती हैं, खिलाड़ियों के भूमिका में निरंतरता की कमी रही है। दबाव आते ही टीम बिखरने लगती है। टीम डगआउट में भी संशय में नजर आती है। ऐसे में कप्तानी में बदलाव के अलावा कोई चारा नहीं दिखता। जाफर का मानना है कि मार्करम बेहद शांत और रणनीतिक कप्तान के रूप में जाने जाते हैं, ऐसे उन्हें जिम्मेदारी देना ठीक रहेगा। इससे ऋषभ कप्तानी के दबाव से मुक्त होकर अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें। जाफर के अनुसार कप्तानी का के बोझ से उनका स्वाभाविक खेल प्रभावित हो रहा है।



### ऑरेंज कैप कैप में विराट चौथे नंबर पर पहुंचे, पर्पल कैप में भुवनेश्वर शीर्ष पर पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप में बदलाव आये हैं। आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में अपनी नाबाद 23 रनों की पारी के साथ ही ऑरेंज कैप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। कोहली ने इस मैच में केवल 15 गेंदों में ही 2 छक्के और 1 चौका लगाकर दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन किया। विराट ने अपनी इस पारी के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल को रनों के मामले में पीछे छोड़ दिया है। शुभमन अब शीर्ष पांच से बाहर हो गये हैं। वहीं क्लासेन चौथे स्थान से खिसककर पांचवे पर आ गये हैं। विराट ने इस सत्र में अबतक कुल 8 मैच खेले हैं, इस दौरान उनकी बल्लेबाजी का औसत 58.50 और स्ट्राइक रेट 162 रहा है। वहीं उन्होंने कुल 351 रन बनाए हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ में अभी सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक ने 8 मैचों की 8 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 54.29 की शानदार औसत और 212 से अधिक के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से कुल 380 रन बनाये हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान लोकेश राहुल ऑरेंज कैप की दौड़ में दूसरे स्थान पर हैं।

## अश्विन बोले, मेरे माता-पिता भी हैं वैभव के प्रशंसक

**एजेंसी, चेन्नई**

पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन ने खुलासा किया है कि उनके माता-पिता भी राजस्थान रॉयल्स के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसक हैं। 15 साल की उम्र में ही वैभव को अपने खेल से क्रिकेट जगत में एक बड़ी पहचान मिल गयी है। आईपीएल में जिस प्रकार से वह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे उनके प्रशंसकों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। अश्विन ने कहा कि उनके माता-पिता वैभव को खेलते देखने के लिए इंतजार भी करते हैं। अश्विन ने कहा कि वैभव की बल्लेबाजी देखने को लेकर उनका पूरा परिवार उत्साहित रहता है। सभी लोग केवल वैभव की बल्लेबाजी देखने के लिए राजस्थान रॉयल्स के मैच एक साथ बैठकर देखते हैं. अश्विन ने कहा, " मैं राजस्थान का हर मुकाबला अपनी मां और पापा के साथ देखता हूं. वे इस बल्लेबाज के प्रशंसक हैं। साथ ही कहा कि मैंने कभी अपने पापा को किसी और खिलाड़ी के लिए इतना प्रभावित होते नहीं देखा, जितना वह वैभव के लिए होते हैं। हर शॉट पर वह बहुत उत्साहित हो जाते हैं। वहीं मेरी मां भी इसका खेलने का अंदाज देखकर खुश होती हैं। इस उभरते बल्लेबाज ने आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान केवल 36 गेंद में ही शतक लगा दिया था। इस सत्र में उन्होंने 8 पारियों में कुल 357 रन बनाए हैं, उनका स्ट्राइक रेट अविश्वसनीय 234.86 रहा है।



# बिजनेस

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के बाद 2030 तक 2 ट्रिलियन यूएस डॉलर के निर्यात का लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के बाद देश के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और उद्योग जगत के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य के संदर्भ में भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने से जुड़ी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पीयूष गोयल ने कहा कि यह उपलब्धि विकसित भारत की परिकल्पना के अंतर्गत वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक आधार का काम करेगी। उन्होंने निर्यातकों और उद्योग जगत से आग्रह किया कि वे विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाकर बाजार पहुंच बढ़ाएं, निर्यात को बढ़ावा दें और रोजगार के अवसरों का सृजन करें। उन्होंने कहा कि इन समझौतों का समय पर उपयोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मंत्रालय के मुताबिक भारत मंडपम में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान आयोजित इस बैठक में 30 ईपीसी और शीर्ष उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वाणिज्य विभाग और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। डीजीएफटी ने निर्यात सुधार प्रारूप प्रस्तुत किया। उद्योग ने एमएसएमई की चुनौतियों को स्पष्ट किया। सरकार ने समर्थन और व्यापार सुगमता उपायों का आश्वासन दिया। इसके अलावा निर्यात प्रोत्साहन मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। पीयूष गोयल ने ईपीसी कंपनियों से निर्यातकों का आधार बढ़ाने और नए बाजारों की खोज करने का आग्रह किया।



### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव बना रहा। जबकि एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी स्टॉक मार्केट पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 62.67 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिर कर 49,168.04 अंक के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,173.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,887.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.15 प्रतिशत उछल कर 49,243.41 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा का रोडमैप किया लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) यात्रा के अगले चरण के लिए एक रणनीतिक रोडमैप, "DPI@2047" लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश में समावेशी और तेज आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। आयोग के मुताबिक यह रोडमैप दो चरणों में काम करेगा, इसमें पहला डीपीआई 2.0 (2025–2035), जिसमें रोजगार और आजीविका बढ़ाने पर फोकस रहेगा, और दूसरा डीपीआई 3.0 (2035–2047) है, जिसमें व्यापक समृद्धि हासिल करने का लक्ष्य होगा। डीपीआई 2.0 के तहत एमएसएमई, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने की योजना है। साथ ही, क्रेडिट, डिजिटल ट्रांजैक्शन, डेटा के बेहतर उपयोग और एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य डिजिटल सिस्टम को केवल पहचान, भुगतान और सरकारी योजनाओं तक सीमित न रखकर, उसे रोजगार, उत्पादकता और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करना है। कार्यक्रम के दौरान सुमन बेरी ने कहा कि अब विकास का फोकस सिर्फ जीडीपी पर नहीं, बल्कि उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। वहीं अजय कुमार सूद ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग तभी संभव है जब उसे बड़े स्तर पर लागू किया जाए और उसमें भरोसा और सुरक्षा बनी रहे। वहीं, निधि छिब्बर ने बताया कि ये रोडमैप राज्यों को भी डिजिटल बदलाव में मदद करेगा, जिससे उनकी विकास गति तेज होगी। विशेषज्ञों के अनुसार डीपीआई और एआई के मेल से भारत एक ऐसा मॉडल बना सकता है, जो रोजगार बढ़ाने, लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगा। कुल मिलाकर, यह रोडमैप भारत की डिजिटल यात्रा को एक नए चरण में ले जाने और व्यापक स्तर पर विकास सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




## 13 करोड़ के पार पहुंची एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या, 40 प्रतिशत इन्वेस्टर 30 साल से कम उम्र के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या के मामले में नया मुकाम हासिल कर लिया है। एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंच गई है। एनएसई ने सोमवार यानी 27 अप्रैल के कारोबारी सत्र के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इसके पहले सितंबर 2025 में एनएसई पर रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 12 करोड़ के स्तर पर पहुंची थी। इस तरह सिर्फ सात महीने की अवधि में ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से एक करोड़ नए रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स जुड़ गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार एनएसई से जुड़े रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स में महिलाओं की संख्या में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एनएसई के हर चार रजिस्टर्ड इन्वेस्टर में एक महिला है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की औसत आयु भी अब घट कर 33 साल हो गई है। इसके पहले साल 2021 में एनएसई के निवेशकों की औसत आयु 36 साल थी। स्टॉक एक्सचेंज के रिकॉर्ड के मुताबिक इसके निवेशकों में लगभग 40 प्रतिशत संख्या 30 साल से कम उम्र के निवेशकों की है। आपको बता दें कि पिछले कुछ सालों में स्टॉक मार्केट के इन्वेस्टर्स की संख्या में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी तेज हो गई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की संख्या एक करोड़ के स्तर तक पहुंचने में 14 साल की अवधि लगी थी। इसके बाद इन्वेस्टर्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी।




### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार उछाल, 110 डॉलर के करीब पहुंचा ब्रेंट क्रूड

**एजेंसी, नई दिल्ली** । पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए ईरान द्वारा नए प्रस्ताव दिए जाने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल कच्चे तेल की कीमत में कोई राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। ब्रेंट क्रूड आज 110 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के पार जा पहुंचा। हालांकि बाद में कच्चे तेल की कीमत में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। आज ब्रेंट क्रूड तेजी दिखाते हुए 108 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह उछल कर 109.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। कुछ देर बाद इसकी चाल में गिरावट भी आई, जिसके कारण ब्रेंट लुढ़क कर 107.98 तक भी गिर गया। इसके बाद इसके भाव में दोबारा तेजी का रुख बनने लगा। भारतीय समय के अनुसार सुबह नौ बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेंट क्रूड 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 109.20 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड ने आज 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर 96.62 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। ओपनिंग के तुरंत बाद ये गिर कर थोड़ी देर के लिए 96.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आया, लेकिन इसके बाद इसकी चाल में तेजी आ गई। कुछ देर में ही यह उछल कर 97.55 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई।


## सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। सोना आज 300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 0.29 प्रतिशत गिर कर 4,669.61 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75.91 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना 1,53,700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,53,850 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,53,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



# रवि तेजा के भतीजे माधव फिल्म मरेम्मा का गहन और भक्तिमय टीज़र जारी



अभिनेता रघु के बेटे और मास महाराजा रवि तेजा के भतीजे माधव ने ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित एक्शन-ड्रामा फिल्म मरेम्मा से मुख्य अभिनेता के रूप में सिनेमा में कदम रखा है। ग्रामीण परिवेश पर आधारित यह फिल्म मंचला नागराज की पहली निर्देशित फिल्म है और इसका निर्माण मयूर रेड्डी बंदारू ने मोक्ष आर्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म के पहले लुक पोस्टर से दर्शकों को काफी प्रभावित करने वाले निर्माताओं ने आज इसका टीज़र जारी किया।

एक महामारी पूरे गाँव में फैल जाती है, जिससे इंसानों और मवेशियों दोनों की जान चली जाती है। राहत की उम्मीद में, ग्रामीण गाँव की देवी मारेम्मा थाल्ली से प्रार्थना करते हैं और उनसे दैवीय समाधान की कामना करते हैं। कहानी का मुख्य पात्र देवी के पवित्र बैल का रक्षक है - लेकिन एक दिन वह बैल रहस्यमय तरीके से गायब हो जाता है। हालांकि यह माधव की पहली फिल्म है, लेकिन उन्होंने समझदारी से ऐसी कहानी चुनी है जो मौजूदा दर्शकों की पसंद के अनुरूप है। वह पूरी तरह से देहाती लुक में नजर आते हैं और अपने दमदार अभिनय से प्रभावित करते हैं। वाकई, वे नवोदित कलाकार जैसे नहीं लगते। दीपा बालू उनके साथ मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं, जबकि वरिष्ठ अभिनेता विनोद कुमार ने ग्राम प्रधान के रूप में अपनी दमदार छाप छोड़ी है। अपनी पहली फिल्म के लिए निर्देशक मनचरला नागराज ने तेलंगाना में घटी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित एक कहानी बुनी है, जिसे एक असली ग्रामीण परिवेश में फिल्माया गया है। छायाकार प्रशांत अंकीरेड्डी ने ग्रामीण वातावरण को बेहद यथार्थवादी ढंग से कैद किया है, और संगीत निर्देशक प्रशांत आर विहारी ने अपने दमदार बैकग्राउंड स्कोर से तनाव को और बढ़ा दिया है। देव राठौड़ संपादक हैं और राजकुमार मुरुगेसन कला निर्देशक हैं। कुल मिलाकर, टीज़र ने फिल्म के प्रति उम्मीदें काफी बढ़ा दी हैं। फिल्म निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म मारेम्मा जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# गुलाबी साड़ी और घुंघराले बाल में कविता कौशिक ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें



टीवी एक्ट्रेस कविता कौशिक एक बार फिर अपने देसी और नैचुरल अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनका सादगी भरा लुक छा गया है. इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, बिना किसी एडिट और बिना फिल्टर की तस्वीरें... एक्सेंट्स की देवी अगले के लिए तैयार हो रही है... मां के घर के करीब... क्या आप जानते हैं कि मैं आधी बंगाली हूं और मेरी बंगाली, हरियाणवी और पंजाबी से अच्छी है? बहुत ज्यादा उत्साहित हूं, आगे और देखने के लिए जुड़े रहें.

इसमें कविता ने हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी है, जो बहुत सॉफ्ट और एलिगेंट लग रही है. साथ ही उनका पूरा लुक सिंपल होने के बावजूद बहुत अट्रैक्टिव नजर आ रहा है. कविता ने ब्राइट पिंक कलर का ब्लाउज कैरी किया है, जिसका डीप नेक डिजाइन उनके लुक को बोल्ड टच दे रहा है. इस फोटो उन्होंने अपने बालों को नेचुरल और खुला रखा है. लंबे और घने बाल उनके पूरे लुक को और खूबसूरत बना रहे हैं. साथ ही उन्होंने सिल्वर ज्वेलरी पहनी है और उन्होंने अपने लुक को झुमके, कंगन और रिंग्स से पूरा किया हैं. तस्वीरों में उनका मेकअप बहुत ही मिनिमल है, जिससे उनकी नेचुरल ब्यूटी दिख रही है. हल्का काजल और न्यूड लिप्स उनके चेहरे को खूबसूरत बना रहा हैं. बता दें कि कविता ने 2001 में कुटुंब सीरियल से टीवी पर कदम रखा था, हालांकि उन्हें असली पहचान 2006 के एफआईआर में चंद्रमुखी चौटाला के किरदार से मिली. टीवी सीरियल्स के अलावा उन्होंने हिंदी और पंजाबी में कई फिल्मों में काम किया है. उन्हें आखिरी बार साकिब सलीम की सीरीज कप्तान में देखा गया था.

# गजर ने किया हैं इशारा की शूटिंग के अनुभवों को साझा किया सोनम खान ने



हाल ही में अभिनेत्री सोनम खान ने एक यादगार स्मृति को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म त्रिदेव के मशहूर गाने गजर ने किया है इशारा की शूटिंग के अनुभवों की एक अनोखी झलक दिखाई है, जिसने दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिला दी। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री सोनम खान ने एक पुराना वीडियो क्लिप शेयर किया है, जिसमें वह, माधुरी दीक्षित और संगीता बिजलानी एक साथ इस आइकॉनिक गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में तीनों अभिनेत्रियों का उस दौर का ग्लैमरस लुक और शानदार डांस स्टेप्स देखने को मिल रहा है, जो आज भी दर्शकों के बीच उतना ही लोकप्रिय है। इस पोस्ट के जरिए सोनम ने दर्शकों को एक बार फिर 80 के दशक के उस सुनहरे और ऊर्जावान समय की याद दिला दी, जब यह गाना चार्टबस्टर हुआ करता था। इस पोस्ट के साथ सोनम खान ने एक दिलचस्प कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने शूटिंग के दौरान के माहौल का जिक्र किया। उन्होंने बताया, जब मैं इस गाने की शूटिंग कर रही थी, उस समय मैं सेट पर सबसे छोटी थी। वहां माहौल कुछ ऐसा था जैसे ऑफिस में लोग एक-दूसरे से ज्यादा बात नहीं करते। शूटिंग के दौरान हम तीनों एक साथ काम तो कर रही थीं, लेकिन आपस में ज्यादा बातचीत नहीं होती थी। सोनम ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा, कभी-कभी काम के माहौल में ऐसा हो जाता है कि लोग एक-दूसरे से दूरी बनाए रखते हैं, लेकिन इसका असर काम पर नहीं पड़ता। यह बयान दिखाता है कि पेशेवर माहौल में व्यक्तिगत दूरी के बावजूद काम की गुणवत्ता पर कोई आंच नहीं आती। सोनम ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिया। उन्होंने कहा, मेरा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं है और यह सिर्फ मेरे नजरिए से देखा गया एक अनुभव है। उन्होंने अपने प्रशंसकों से वादा किया कि वह इस शूट से जुड़े और भी कई दिलचस्प किस्से आने वाले समय में साझा करेंगी, जिससे उनकी पिछली फिल्मों और करियर से जुड़ी और भी अनसुनी बातें सामने आएंगी। फिल्म त्रिदेव साल 1989 में रिलीज हुई थी और इसे दिग्गज निर्देशक राजीव राय ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ और नसीरुद्दीन शाह जैसे बड़े अभिनेता थे। वहीं, माधुरी दीक्षित, संगीता बिजलानी और सोनम खान ने भी इसमें अहम भूमिकाएं निभाई थीं। गजर ने किया है इशारा, फिल्म त्रिदेव का एक बेहद एनर्जी से भरा और लोकप्रिय गाना है, जिसे आज भी पार्टियां और फंक्शन्स में बजाया जाता है।



# जब आपके साथ माता-पिता हों तो उनसे प्यार करें : अंकिता लोखंडे

हाल ही में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपने दिवंगत पिता शशिकांत लोखंडे को याद करते हुए एक अत्यंत भावुक पोस्ट साझा की है। अंकिता के पिता शशिकांत लोखंडे का निधन लंबी बीमारी के बाद 2023 में हो गया था, जिससे अभिनेत्री और उनका परिवार गहरे सदमे में था। उन्होंने कहा है कि वह अपनी हर सांस में उन्हें याद करती हैं और माता-पिता के महत्व पर ज़ोर दिया है। अंकिता ने अक्सर अपने पिता के साथ अपने करीबी रिश्ते को सोशल मीडिया पर साझा किया है और उनके निधन के बाद भी उन्हें लगातार याद करती रहती हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में, अंकिता ने अपने पिता के साथ की एक पुरानी और अनमोल तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में अभिनेत्री अपने पिता के साथ एक खुशहाल पल साझा करती दिख रही हैं, जो उनके अटूट बंधन की गवाही देती है। तस्वीर के साथ अंकिता ने एक दिल को छू लेने वाला कैप्शन लिखा, मैं हर सांस में आपको याद करती हूं। यह छोटा सा वाक्य उनके पिता के प्रति उनके गहरे प्रेम और उनकी अनुपस्थिति के दर्द को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है। अंकिता ने अपने प्रशंसकों और अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया, जिसमें उन्होंने माता-पिता के प्रति प्रेम और सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला।



उन्होंने आगे लिखा, जब आपके माता-पिता आपके साथ हों तो उनसे प्यार करें, वरना मेरा यकीन मानिए, बाद में आपको सिर्फ पछतावा होगा। यह शक्तिशाली संदेश उन सभी लोगों के लिए एक मार्मिक रिमाइंडर है जिनके माता-पिता अभी जीवित हैं, कि वे इस अमूल्य रिश्ते को संजोएं और बाद में किसी भी पछतावे से बचने के लिए अभी से उनके प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करें। यह अंकिता के अपने व्यक्तिगत अनुभव से उपजा ज्ञान है, जो कई लोगों को छू सकता है। वर्क फ्रंट पर, अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन इन दिनों एक नए और मनोरंजक रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड के नए संस्करण में नज़र आ रहे हैं। इस शो में अर्जुन बिजलानी, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, निया शर्मा, अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल जैसे कई अन्य लोकप्रिय टेलीविजन कलाकार भी शामिल हैं, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। अंकिता और विक्की अपनी केमिस्ट्री और मजेदार पलों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। अंकिता ने अभिनय के क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक पवित्र रिश्ता में अर्चना मानव देशमुख के प्रतिष्ठित रोल से की थी, जिसने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी इस शो का हिस्सा थे, और उनकी जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। यह शो तमिल टेलीविजन सीरीज थिरुमथी सेल्वम का रूपांतरण था।

इसके बाद वह झलक दिखला जा 4 और कॉमेडी सर्कस जैसे रियलिटी शो में दिखीं। उन्होंने एक थी नायिका के दो एपिसोड में भी काम किया। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में कंगना रनौत स्टारर मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी से फिल्मों में डेब्यू किया। यह फिल्म रानी लक्ष्मीबाई की जिंदगी पर आधारित एक ऐतिहासिक ड्रामा थी, जिसमें अंकिता ने झलकारी बाई का दमदार किरदार निभाया था। अंकिता ने 2020 में साजिद नाडियाडवाला की एक्शन थ्रिलर फिल्म बागी 3 में भी काम किया था। यह बागी फ्रैंचाइज़ी का तीसरा पार्ट था, जिसमें टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख ने भी काम किया था। 2020 में, सुशांत सिंह राजपूत के गुजर जाने के बाद, उनका शो पवित्र रिश्ता दोबारा दिखाया गया।

# पेज 3 की पुरानी फोटो देख यादें ताजा कीं तारा शर्मा ने



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा शर्मा ने अपनी सफल फिल्म पेज 3 की शूटिंग के दौरान ली गई एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करके अपने प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। इस फ्लैशबैक पोस्ट में, तारा ने खुलासा किया कि फिल्म के एक पार्टी सॉन्ग में उनका रेट्रो लुक दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान के प्रतिष्ठित अंदाज़ से प्रेरित था, विशेष रूप से उनके सदाबहार गाने दम मारो दम से। तस्वीर में तारा एक बोल्ड हेडबैंड के साथ रेट्रो वाइब में नज़र आ रही हैं, जो सीधे सत्तर के दशक की यादें ताजा करती है। उन्होंने यह फोटो साझा करते हुए अपने दिल की बात लिखी, जिससे उनके फैंस पुरानी यादों में खो गए। तारा शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अभी-अभी ये फोटो मिली! हमारी फिल्म पेज 3 के पार्टी सॉन्ग में मेरा लुक शानदार ज़ीनत अमान और आशा भोसले जी के दम मारो दम से प्रेरित गाना था, कुआं में डूब जाउंगी। उन्होंने आगे अपनी तस्वीरें लेने के प्रति अपने प्रेम को उजागर करते हुए कहा, मैं अपने कई फोटो एल्बमों में से एक पलट रही थी और मुझे यह तस्वीर दिखी, तो मैंने सोचा कि यह फ्लैशबैक फ्राइडे के लिए बढ़िया है।

शुक्र है कि फोन, कैमरे और डिजिटल कैमरे आने से पहले भी मैं हमेशा से तस्वीरें लेती रही हूं। यह टिप्पणी उनके निजी जीवन में भी यादों को सहेजने के महत्व को दर्शाती है। ज़ीनत अमान की प्रशंसा करते हुए, तारा ने भावुक होकर लिखा, "ज़ीनत जी, मैंने आपकी असली तस्वीर देखी, तो खुद को रोक नहीं पाई। बेशक मैं आपके जैसी तो नहीं हूं, लेकिन तस्वीर देखकर बहुत अच्छा लगा। आगे बढ़ते रहिए, भगवान का शुक्र है। सुरक्षित रहें।" यह टिप्पणी जीनत अमान के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट्स और उनके पुनरुत्थान के प्रति तारा की सच्ची प्रशंसा को दर्शाती है। यह दिखाता है कि कैसे एक पीढ़ी के कलाकार अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और कैसे सम्मान समय की सीमाओं से परे होता है। 2005 में रिलीज़ हुई पेज 3 का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक मधुर भंडारकर ने किया था। इस समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, अतुल कुलकर्णी, बोमन ईरानी, संध्या मृदुल, तारा शर्मा और अन्य प्र तिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया था। फिल्म ने एक पत्रकार के नज़रिए से मुंबई के उच्च समाज और तथाकथित पेज 3 संस्कृति की चकाचौंध भरी लेकिन दिखावटी दुनि या को बेहद यथार्थवादी ढंग से दिखाया था।

# आईशैडो लगाना सीखना चाहती हैं? इन 5 टिप्स के जरिए कर पाएंगी आंखों का सुंदर मेकअप

लि आंखों की सुंदरता बढ़ाने के लिए आईशैडो लगाना बढ़िया निर्णय होता है। हालांकि, इसे सही तरीके से लगाना थोड़ा मुश्किल लग सकता है, खासकर अगर आप शुरुआत कर रही हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी मेकअप टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप बिना किसी परेशानी के आईशैडो लगा सकें। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं और शानदार आई मेकअप कर सकती हैं। आईशैडो लगाते समय सही ब्रश का चयन बहुत जरूरी है। छोटे और बड़े, दोनों ब्रश का उपयोग करें। छोटे ब्रश से आप अपनी पलकों के निचले हिस्से पर आईशैडो लगा सकती हैं, जबकि बड़े ब्रश से आप पूरे पलक क्षेत्र को ढक सकती हैं। इसके अलावा ब्रश की गुणवत्ता पर भी ध्यान दें। कृत्रिम ब्रश अक्सर बेहतर होते हैं, क्योंकि वे आसानी से साफ किए जा सकते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। आईशैडो लगाने से पहले आंखों पर प्राइमर लगाना बहुत जरूरी है। प्राइमर आपकी त्वचा पर आईशैडो को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है और रंगों को अधिक जीवंत बनाता है। इसके अलावा यह आपकी आंखों को चिकना होने से भी रोकता है। अगर आपके पास आईशैडो प्राइमर नहीं है तो थोड़ा-सा कंसीलर भी काम कर सकता है। यह कदम आपके आई मेकअप को बेहतरीन बनाने में अहम भूमिका निभाता है। आईशैडो चुनते समय अपनी त्वचा के रंग का ध्यान रखें। गर्म टोन वाली महिलाओं पर भूरे, सुनहरे या नारंगी शेड अच्छे लगते हैं। वहीं, ठंडे टोन वाली महिलाओं को चांदी, गुलाबी या नीले शेड सूट करते हैं। इसके अलावा अगर आप दिन के समय मेकअप कर रही हैं तो हल्के रंग या पेस्टल शेड चुनें और रात के समय के लिए गहरे रंगों का चुनाव करें। यह आपके लुक को और भी खास बनाएगा। आईशैडो लगाते समय ब्लेंडिंग बहुत जरूरी होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपका आई मेकअप प्राकृतिक लगे तो इसे अच्छी तरह मिलाएं। इसके लिए गोलाकार गति में ब्रश चलाएं, ताकि सभी शेड एक-दूसरे में मिल जाएं और कोई कठोर रेखा न बचे। सही तरीके से ब्लेंडिंग करने से आपका आई मेकअप पेशेवर जैसा दिखेगा और लंबे समय तक टिकेगा। इससे आपकी आंखें और भी खूबसूरत लगेंगी और आपका लुक खास बनेगा। अगर पहली बार में आपका आई मेकअप सही नहीं हो पाया तो घबराएं नहीं। हर किसी को सीखने में थोड़ा समय लगता है। आप अपनी गलतियों से सीखकर अगली बार बेहतर कर सकेंगी। आईशैडो लगाने का अभ्यास करते रहें और धीरे-धीरे आप इसमें माहिर हो जाएंगी। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप आसानी से आईशैडो लगा सकती हैं और हर मौके पर सबसे खास और अलग मेकअप लुक अपना सकती हैं।



# Heroin Trafficking Network Busted; Absconder Arrested, 100 Grams of Heroin Recovered

**New Delhi**. The Crime Branch of the Delhi Police has busted a major heroin trafficking network active in the capital, arresting a proclaimed offender who carried a reward of 20,000 on his head. 100 grams of heroin were recovered from the accused's possession. The police state that, to date, a total of 612 grams of heroin (smack) has been recovered in connection with this case, the value of which is estimated at approximately 3 crore in the international market. The arrested accused has been identified as 31-year-old Vijay, a resident of Karala. He had previously been declared a fugitive by the court in connection with this case. A reward of 20,000 had been announced for his arrest. According to the police, Vijay was the primary source supplier for the entire network and had been absconding for a considerable period.

**Raid Conducted in Naraina-Inderpuri Following Tip-off**: Rahul Alawal, Deputy Commissioner of Police (Crime Branch), stated on Tuesday that the Crime Branch's Anti-Narcotics Task Force (ANTF) received intelligence on April 27 indicating that Vijay was planning to visit the Naraina area in a Maruti Swift car to meet someone. Acting on this information, a team was constituted under the supervision of Inspector Vikas Pannu, and a trap was laid. The team conducted a raid in the Inderpuri area and apprehended Vijay. During a search, 100 grams of heroin were recovered from his car. The police have also seized the vehicle, which was found to be registered in the name of one of his relatives.

**Network Unearthed in January 2025**: According to the police, acting on information received on January 20, 2025, the ANTF had arrested Pushpa alias Binny and Avesh alias Bittu, recovering 512 grams of smack and 94 small packets (pudiyas) from their possession. In this regard, an FIR was registered at the Crime Branch Police Station under the relevant sections of the NDPS Act. The investigation revealed that Pushpa's son-in-law, Akshay, used to procure heroin for her through Vijay, Kusum, and Rahul (alias Kaku).

**Several Accused Arrested Previously**: During the course of the investigation, Akshay—who had initially been absconding—was subsequently arrested. Meanwhile, Vijay's associate, Avtar Singh (alias Ricky), was also apprehended; from his possession, the police recovered 5.10 lakh in cash and a KTM motorcycle used in the supply of heroin. Following these developments, Vijay, Kusum, and Rahul (alias Kaku) were declared Proclaimed Offenders in this case.

**How the Entire Drug Network Operated**: Interrogation revealed that Pushpa would pack the 'smack' (heroin) into small packets and sell them to drug users near the Haiderpur railway line. Bittu handled the distribution, while Vijay would procure the heroin from Bareilly and deliver it to Pushpa and Akshay. According to the police, Vijay has studied up to the ninth grade; following Ricky's arrest, he had been evading capture by constantly changing his hideouts.

## Delhi Lt. Governor Sandhu Conducts Comprehensive Review of Summer Action Plan



**New Delhi**. In view of the escalating severity of extreme heat and heatwaves in Delhi, Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu paid a high-level visit on Tuesday to the Integrated Command and Control Centre (ICCC) located at Palika Kendra. The primary objective of this visit was to conduct a comprehensive review of the Summer Action Plan and the existing measures implemented to combat heatwaves. During the visit, Lt. Governor Sandhu stated on 'X' (formerly Twitter): "As we move towards a 'Viksit Bharat' (Developed India), Delhi's role remains pivotal, and the city stands as a symbol of this very vision. Our foremost priority must be robust implementation at the grassroots level to ensure the safety and security of vulnerable communities and frontline workers. We remain committed to supporting and strengthening a robust, citizen-centric model of urban governance." He further highlighted that, serving as the capital's digital nerve center, the ICCC utilizes IoT-based systems to integrate various services—ranging from water management to environmental monitoring. This technology-enabled model of governance holds the potential for replication across Urban Local Bodies throughout the country, thereby enhancing the delivery of citizen services.

## Brief news

## No Path Left Other Than Satyagraha: Kejriwal



**New Delhi**. Aam Aadmi Party (AAP) National Convener Arvind Kejriwal, accompanied by the party's Punjab affairs in-charge Manish Sisodia and other leaders, visited Rajghat here on Tuesday to pay homage to Mahatma Gandhi and reiterated his resolve to follow the path of Satyagraha. Kejriwal stated that he has been left with no other option but to resort to Satyagraha. Speaking to journalists, Kejriwal said, "The judiciary granted me bail and acquitted me in this case. If I am walking freely today, it is solely because of our judiciary. Certain circumstances have arisen that have compelled us to undertake this Satyagraha. I have clarified everything in a letter addressed to Justice Swarana Kanta Sharma of the Delhi High Court. This is an extremely sensitive matter." In his letter to Justice Swarana Kanta Sharma, Kejriwal submitted, "Under the current circumstances, my conscience does not permit me to participate further in the proceedings of this case before her. For me, this is not a question concerning any specific individual, but rather a question regarding the trust upon which the justice system stands—that for every citizen, justice must not only be fair but must also *appear* to be fair. I also wish to clarify that my faith in the judiciary and the Constitution remains completely unshaken; however, when grave doubts persist in one's mind, mere formal participation is not appropriate for me. Therefore, I am left with no alternative but to resort to Satyagraha."

## All MPs, Including Swati Maliwal, Present at BJP Meeting Ahead of Delhi Mayoral Election



**New Delhi**. A meeting was held at the Delhi BJP office on Tuesday in view of the elections for the Mayor, Deputy Mayor, and three members of the Standing Committee of the Delhi Municipal Corporation, scheduled to take place on Wednesday. Presided over by Delhi BJP President Virendra Sachdeva, the meeting saw all attending municipal councilors and Members of Parliament (MPs) receive training on the voting procedure for the elections, and a strategy was formulated. Present at this meeting were Union Minister of State Harsh Malhotra, MPs Manoj Tiwari, Yogendra Chandolia, and Kamaljeet Sehrawat, and State General Secretary Vishnu Mittal; additionally, Rajya Sabha MP Swati Maliwal also arrived at the state office, where she was accorded a welcome. It is noteworthy that Pravesh Wahi and Monika Pant are the candidates representing the BJP in the mayoral and deputy mayoral elections. Leader of the House Jaibhagwan Yadav and Manish Chaddha are the candidates for the Standing Committee. Meanwhile, following the Aam Aadmi Party's withdrawal from the contest, the Congress party has fielded Haji Zarif as its candidate. To win the election, a candidate will require 137 votes. According to the current scenario, the BJP commands the support of 143 votes. This tally comprises 123 councilors, seven Lok Sabha members, two Rajya Sabha members, and 11 MLAs. The Aam Aadmi Party holds 105 votes, consisting of 100 councilors, three MLAs, and two Rajya Sabha members. The Indraprastha Vikas Party—a breakaway faction of the Aam Aadmi Party—holds 15 councilor seats, while the Congress party holds 9 councilor seats.

## Engineer Rashid Granted One-Week Interim Bail to Visit Ailing Father




**New Delhi**. The Delhi High Court has granted one-week interim bail to Engineer Rashid—an MP and an accused in a terror funding case—to allow him to visit his ailing father. A bench headed by Justice Prathiba Singh ordered that Engineer Rashid be granted interim bail upon furnishing a personal bond of 1 lakh. Two security officials will accompany him, the expenses for whom will be borne by the NIA. The Court directed Engineer Rashid to surrender after the completion of the one-week period. Prior to this, on April 24, the Patiala House Court had rejected Engineer Rashid's plea. In his petition, Engineer Rashid had submitted that his father was unwell and was currently on ventilator support. Previously, the Patiala House Court had permitted Engineer Rashid to participate in the parliamentary session while in custody. The Court had allowed Engineer Rashid to attend the entire parliamentary session held from January 28 to April 2. In November 2025 as well, the Court had granted Rashid permission to participate in the parliamentary session. Furthermore, Engineer Rashid was permitted to cast his vote in the Vice-Presidential election held in September 2025.

## Chief Minister Expresses Support for 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam,' Condemns Efforts of Opposition Parties




**New Delhi**. Delhi Chief Minister Rekha Gupta, speaking during a one-day special session of the Delhi Legislative Assembly on Tuesday, expressed her full support for the speedy implementation of the 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam' (Women's Reservation Act). During the discussion, she condemned the efforts of opposition parties to thwart the significant steps taken under the leadership of Prime Minister Narendra Modi towards the empowerment of women. The Chief Minister stated that this House wholeheartedly welcomes all efforts undertaken for the empowerment of women—including the provision of reservation for women—and expresses its complete support for the swift implementation of the 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam.' Prior to the commencement of the session, led by the Chief Minister and the Cabinet, legislators from the Bharatiya Janata Party (BJP) staged a protest against the opposition parties within the Assembly complex. During this demonstration, the legislators—including the Chief Minister—wore black armbands to register their protest against the opposition. Speaking on the occasion, the Chief Minister remarked that the Prime Minister introduced the historic 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam' to secure a 33 percent reservation for the nation's sisters and daughters in the Lok Sabha and State Legislative Assemblies. She asserted that the nation's 'Nari Shakti' (women power) would teach them a fitting lesson in the times to come; the public will hold accountable anyone who attempts to obstruct the path of women's empowerment. The Chief Minister affirmed, "We will undoubtedly ensure the implementation of the 33 percent reservation for women and will ensure that the nation's women receive their rightful entitlements."

# Heat Stroke Unit Activated at Delhi's Safdarjung Hospital




**New Delhi**. In view of the rising temperatures and the potential for heatwaves in Delhi, Safdarjung Hospital has reactivated its special 'Heat Stroke Unit' after completing comprehensive preparations to tackle heat-related illnesses. This facility will provide prompt and effective treatment to patients affected by heatstroke.

**The hospital administration stated on Tuesday that**: This unit has been established on the ground floor of the hospital's New Emergency Building, where a total of 7 beds have been reserved. Of these, 2 beds are located in ER-1 and 5 beds in ER-4. Patients can access this unit directly through the triage system, ensuring that there are no delays in treatment. A dedicated team of specialist doctors from the departments of Medicine, Emergency Medicine, Anesthesia, and Community Medicine has been deployed to handle critical conditions such as heatstroke, heat exhaustion, and dehydration. Additionally, comprehensive arrangements have been ensured regarding essential medicines, cooling equipment, and emergency management protocols. According to the hospital administration, no cases of heat-related illnesses have been reported at the facility so far; however, as a precautionary measure, all arrangements remain fully operational. Experts have appealed to the public to drink adequate amounts of water and avoid exposure to direct sunlight.

## Petition Challenging Construction of Fixed Compactor Transfer Station in Delhi Dismissed




**New Delhi**. The Principal Bench of the National Green Tribunal (NGT) has dismissed a petition challenging the construction of a proposed Fixed Compactor Transfer Station (FCTS) in the Basai Dara Pur area of Delhi. The matter was heard by a bench comprising Justice Prakash Shrivastava and Dr. Afroz Ahmad. The petitioner, the Pravidhan Raksha Foundation, had alleged that the FCTS being established in the Guddad Wala Mohalla of Punjabi Bagh (West), Basai Dara Pur, violates the Standard Operating Procedures (SOPs) and site selection criteria issued by the Central Pollution Control Board (CPCB), and that it is situated in close proximity to a densely populated area, a religious site, and a school. The Tribunal observed that, based on the available records and the evidence submitted, there was no concrete proof of any violation of the site selection criteria. The Tribunal also acknowledged that such transfer stations are essential for solid waste management and noted that approximately 80 percent of the construction work for the project in question has already been completed. Additionally, expressing concern over the

### ▪ NGT Emphasizes Adherence to Regulations

mismanagement of an existing *Dhalao* (waste collection point) in the area, the Tribunal granted the petitioner permission to submit a representation—accompanied by supporting evidence—to the Commissioner of the Municipal Corporation regarding this matter. The Tribunal further directed the concerned authority to take prompt action upon receipt of such representation to ensure the proper cleaning and sanitation of the site.

# Swati Maliwal Completes Formalities to Join BJP



**New Delhi**. Rajya Sabha MP and former Chairperson of the Delhi Commission for Women, Swati Maliwal, completed the formalities to join the Bharatiya Janata Party (BJP) on Tuesday. At the Delhi BJP office, Swati Maliwal formally accepted party membership in the presence of State President Virendra Sachdeva, Union Minister of State Harsh Malhotra, and MP Yogendra Chandoliya. Maliwal stated, "Today is a very significant day. I am also emotional; today, I have received the opportunity to join the BJP. Inspired by Prime Minister Narendra Modi, I have joined the BJP fold. I have had a keen interest in the BJP's work for a long time. During my tenure as the Chairperson of the Delhi Commission for Women, I received significant support. I will now work with even greater dedication and vigor for Delhi, just as I always have." Taking aim at the Aam Aadmi Party (AAP), she remarked that the party is becoming known across the entire country for drama, lies, deceit, hooliganism, and corruption—which is a matter of deep shame. "Over the past 10 years, we have witnessed how the AAP convener, Kejriwal, has presided over rampant plunder in Delhi. He had reduced the city to a deplorable state. The roads were in shambles, the water supply system was abysmal, and the residents of Delhi were yearning for even basic civic amenities. In just the last two years, the administration under Rekha Gupta has made earnest efforts to undertake significant work; however, much remains to be done, and now, working together, we will accomplish these tasks." She added, "Fed up with the chaotic politics of the AAP, I have left that party and joined the BJP. I am fully confident that, as a member of the BJP, I will be able to work far more effectively for the people of Delhi." It is noteworthy that just a day earlier, Rajya Sabha Chairman C.P. Radhakrishnan had approved the merger of seven Rajya Sabha members who had defected from the AAP—into the BJP; Swati Maliwal is among these members.

## CBI Joint Director and Retired ACP Sentenced to Three Months in 25-Year-Old Raid Case




**New Delhi**. The Tis Hazari Court has sentenced CBI Joint Director Ramneesh and retired ACP V.K. Pandey—who were convicted in a 25-year-old case involving an alleged raid on the residence of an IRS officer—to three months of imprisonment and a fine of 50,000 each. Judicial Magistrate First Class Shashank Nandan Bhatt had, on April 18, convicted CBI Joint Director Ramneesh and retired ACP V.K. Pandey (who were posted in the CBI at the time) under Sections 323, 427, 448, and 34 of the Indian Penal Code (IPC). At the time, Ashok Agarwal was serving as the Deputy Director of Enforcement in Delhi. In its order, the Tis Hazari Court observed that the raid was carried out solely with the objective of circumventing an order issued by the Central Administrative Tribunal (CAT) on September 28, 2000. In its order, the CAT had directed that Agarwal's suspension be reviewed within four weeks. The Court further stated that the search of Ashok Agarwal's residence and the subsequent arrest proceedings were not only illegal, but also clearly demonstrated a blatant abuse of power. By leveraging their official positions, the officers attempted to harass an innocent officer.